दैनिक

# राष्ट्रीय जनभावना

वर्ष-3, अंक-50
इन्दौर गुरुवार 15 मई 2025 पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादक: सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


**सुविचार**

भोजन के लिए अच्छे पदार्थों का उपलब्ध होना, उन्हें पचाने की शक्ति का होना, सुंदर स्त्री के साथ संसर्ग के लिए कामशक्ति का होना, प्रचुर धन के साथ-साथ धन देने की इच्छा होना। ये सभी सुख मनुष्य को बहुत कठिनता से प्राप्त होते हैं।

चाणक्य



# हाईकोर्ट ने एमपी के मंत्री पर FIR दर्ज

## डीजीपी को 4 घंटे का समय; विजय शाह ने कर्नल सोफिया पर दिया था बयान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादास्पद बयान मामले में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ FIR दर्ज कर ली है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन ने इस मामले में खुद नोटिस लिया।



कोर्ट ने डीजीपी को 4 घंटे के अंदर स्नढ्ढक्र दर्ज करने और कार्रवाई करने को कहा। मंत्री के बयान के मामले में ग्रामीण डीआईजी निमेष अग्रवाल का कहना है कि फिलहाल हमारे पास आदेश नहीं आए हैं। आदेश आते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। भारत की एकता अखंडता को खतरे में डालने का अपराध दर्ज कर लिया है। अगर FIR दर्ज नहीं की गई तो डीजीपी पर कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का बयान सांप्रदायिकता को बढ़ाने वाला हैं। मंत्री ने रविवार को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यहीं विवादास्पद बयान दिया था। हालांकि, मंगलवार को वीडियो वायरल हुआ।

वहीं मानपुर थाने मे मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह इन दिनों अपनी एक विवादित टिप्पणी को लेकर कानूनी और सियासी संकट में फंसते नजर आ रहे हैं। सेना की पहली महिला कर्नल पदाधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी अब मंत्री के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है। यह मामला अब महज बयानबाजी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जबलपुर हाईकोर्ट की सख्ती के बाद इसे गंभीरता से लिया गया।

### पार्टी का एक्शन-बयान को लेकर संगठन महामंत्री की फटकार

मंत्री शाह के बयान से नाराज पार्टी आलाकमान ने उन्हें प्रदेश मुख्यालय तलब कर लिया। संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के बुलावे पर मंत्री जी हवाई चप्पल में ही पार्टी दफ्तर पहुंचे। यहां संगठन महामंत्री ने बयान को लेकर उन्हें फटकार लगाई, जिसके बाद मंत्री जी के बोल बदल गए। सूत्रों के मुताबिक शाह ने माफी मांगते हुए आगे से ऐसा नहीं करने का भरोसा दिया है।

### शाह की सफाई-मेरे भाषण को गलत संदर्भ में न देखें

वीडियो वायरल होने के बाद मंत्री विजय शाह ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा- प्रधानमंत्री ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वालों को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। मेरे भाषण को अलग संदर्भ में न देखें। कुछ लोग इसे अलग संदर्भ में देख रहे हैं। वो हमारी बहनें हैं और उन्होंने पूरी ताकत से सेना के साथ मिलकर काम किया है।



# बीएसएफ जवान को पाक ने भारत को सौंपा

### गलती से सीमा पार चला गया था जवान

**अटारी, (एजेंसी)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का जवान पूर्णम कुमार शॉ 23 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में थे। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे पाकिस्तान ने उन्हें सकुशल भारत को सौंप दिया। यह प्रत्यर्पण अमृतसर के अटारी स्थित संयुक्त चेक पोस्ट के जरिए शांति पूर्ण ढंग से किया गया। बता दें पूर्णम गलती से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान की सीमा में चले गए थे। इसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। इस घटना को लेकर भारत ने तुरंत पाकिस्तान से उच्चस्तरीय संवाद किया और जवान की सुरक्षित वापसी की मांग की थी। मीडिया रिपोर्ट में बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने बयान में कहा कि बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को बुधवार सुबह पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा अटारी-वाघा संयुक्त चेक पोस्ट पर भारत को सौंपा दिया। यह हैंडओवर शांति पूर्ण और तय प्रोटोकॉल के तहत किया गया। वहां पूर्णम का परिवार भी मौजूद था। बता दें कि बीएसएफ के जवान की पत्नी रजनी शॉ गर्भवती हैं। वह अपने पति के पाकिस्तान के कब्जे से छुड़ाने के लिए कई स्तरों पर गुहार लगा रही थीं। आखिरकार भारत सरकार ने डिप्लोमैटिक तरीके के पाकिस्तान से बात की और आखिरकार पाकिस्तान ने पूर्णम कुमार को भारत को सौंप दिया। रजनी ने फिरोजपुर में बीएसएफ के कमांडिंग ऑफिसर से मुलाकात की थी। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद वह अमृतसर होते हुए अपने बेटे, बहनों और देवर के साथ वापस कोलकाता लौट गई थीं।

## कनाडा की विदेश मंत्री बनी भारतीय मूल की अनीता आनंद



**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया है। उन्होंने भारतीय मूल की अनीता आनंद को विदेश मंत्री बनाया है। अनीता पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो सरकार में भी कैबिनेट मंत्री थीं। अनीता ने शपथ लेते हुए कहा कि मैं कनाडा की विदेश मंत्री के तौर पर चुने जाने को लेकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं पीएम मार्क कार्नी के साथ मिलकर काम करने और एक बेहतर और सुरक्षित दुनिया बनाने के लिए हमारी टीम के साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं।

## शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें AK-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल है। केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

## ट्रम्प को व्हाइट हाउस में घुस कर मारेंगे : पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानियों ने तो गजब ढा दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति को तो बस यही सुनना बाकी रह गया था। दो देशों की लड़ाई में ट्रंप नोबेल पुरस्कार की तमन्ना लिए बीच बचाव करने के लिए आए थे। लेकिन क्या पता था कि पाकिस्तान में ऐसे लोग भी बैठे हैं जो ट्रंप की इज्जत पर पलीता लगा देंगे। पाकिस्तान की टीवी पर बैठकर सीधे अमेरिका को ही धमकी दे देंगे। इन दिनों लेकिन पाकिस्तान में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान के टेलीविजन चैनलों पर शब्द बोलता नजर आ रहा है कि अमेरिका पाबंदी लगाएगा। तुम्हारी औकात नहीं है। ये महाशय इतने में ही नहीं रुको और यहां तक कह दिया कि तुम क्या हमें गैस पाइपलाइन से रोकोगे। तुम्हारी हैसियत और औकात नहीं है। तुम खत्म हो चुके हो। पाकिस्तान एटमी हथियार भी चलाएगा, गैस पाइपलाइन भी बिछाएगा। अगर तुमने मिसाइल चलाई तो तुम्हे व्हाइट हाउस में घुस कर मारेंगे।

# भारतीय एयर डिफेंस ने PAK हथियार नष्ट किए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने बताया कि भारतीय डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हथियारों को नष्ट किया था। ये जानकारी प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (PIB) ने दी है। PIB ने बताया कि भारतीय डिफेंस सिस्टम पेचोरा, ह्रस्न्च, और आकाश मिसाइल सिस्टम ने पाकिस्तानी हथियारों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान को ये हथियार चीन-तुर्किये ने दिए थे। वहीं, जवाहर



लाल यूनिवर्सिटी (JNU) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (MoU) खत्म कर दिया है। JNU ने X पर लिखा- हम देश के साथ खड़े हैं। इस बीच, भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। PDP प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा- भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। जंग से कुछ हासिल नहीं होता, सिर्फ दोनों तरफ बेगुनाह लोग मारे जाते हैं। महबूबा ने अपील की कि दोनों देशों के बीच चल रही संघर्ष विराम की प्रक्रिया को हादसे में न बदलने दिया जाए। हमें मिलकर इसे कायम रखना होगा और दोनों देशों को इसमें निवेश करना चाहिए।

### न्याय संवाद यात्रा

## बिहार में राहुल की हुंकार, कांग्रेस का नया सियासी वार!

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रदेश में अपने चुनावी अभियान को और तेज कर दिया है। नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा के बाद अब कांग्रेस न्याय संवाद यात्रा शुरू करने जा रही है।

इस यात्रा की शुरुआत 15 मई को दरभंगा से होगी, जहां लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी स्वयं इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। राहुल गांधी दरभंगा में छात्राओं के साथ संवाद करेंगे और इस यात्रा का औपचारिक आगाज करेंगे। कांग्रेस की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं, किसानों और मजदूरों के



मुद्दों को केंद्र में लाना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हैया कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब राहुल गांधी दरभंगा में संवाद कर रहे होंगे, उसी समय राज्य के 60 से अधिक स्थानों पर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता समानांतर संवाद करेंगे। यह संवाद युवाओं की समस्याओं, किसानों की दुर्दशा और मजदूरों की तकलीफों पर केंद्रित रहेगा। कन्हैया कुमार ने कहा, यह यात्रा केवल एक चुनावी अभियान नहीं है, बल्कि यह बिहार के युवाओं, किसानों और मजदूरों की समस्याओं को उठाने का मंच है। हम उनकी आवाज़ को सशक्त तरीके से प्रस्तुत करेंगे और न्याय सुनिश्चित करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस ने नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा का आयोजन किया था, जिसमें राज्य भर में युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने की मांग को प्रमुखता दी गई थी। अब न्याय संवाद यात्रा के माध्यम से कांग्रेस राज्य में न्याय, अधिकार और रोजगार के मुद्दों को एक नई धार देने की तैयारी में है।

## सीजफायर में अमेरिका का क्या रोल: कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी पूछ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा क्यों की? ऐसा पहली बार हो रहा है। पीएम मोदी इस पर कुछ नहीं बोलते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो कहते हैं कि अमेरिका की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण थी कि उनकी वजह से ही यह युद्ध रुका। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर इसका जवाब भी नहीं देते हैं। हम लगातार पूछ रहे हैं कि पीएम मोदी और विदेश



मंत्री इस बात का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं कि अमेरिका की भूमिका क्या है? उन्होंने कहा- कश्मीर पर चर्चा सिर्फ भारतीय संसद में ही हो सकती है। इस पर मध्यस्थता करने का अधिकार किसी को नहीं। हम अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ और पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की जा रही है उसका हम पूरा समर्थन दे रहे हैं। हमने यह भी मांग की है कि एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। दो सर्वदलीय बैठकें हुई, लेकिन पीएम मोदी दोनों बैठक में मौजूद नहीं थे...कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा है।

### बलूच नेता ने किया आजादी का एलान

## भारत और विश्वभर से मांगा समर्थन

### बलूचिस्तान नहीं है पाकिस्तान

**बलूचिस्तान (एजेंसी)।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का एलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का एलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सडक़ों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है।



## मुख्य न्यायाधीश बने बीआर गवई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर आज बुधवार सुबह न्यायमूर्ति बीआर गवई ने पदभार संभाल लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद न्यायमूर्ति गवई ने मंच पर बैठीं अपनी मां कमलताई गवई के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। यह दृश्य भावुक कर देने वाला था, जब देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के नए प्रमुख ने अपनी सफलता का श्रेय मां को देते हुए उनके पैरों में सिर नवाया।

### केंद्र ने पाक हाईकमीशन अफसर को

## भारत छोड़ने को कहा, 24 घंटे का दिया समय

### पॉर्सोना नॉन ग्रेसा किया घोषित, इसका मतलब होता है अवांछित व्यक्ति

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। केंद्र ने दिल्ली में एक पाकिस्तान हाई कमीशन के अफसर को पॉर्सोना नॉन ग्रेसा घोषित कर दिया है।

इसका मतलब है कि अब वह अधिकारी भारत में नहीं रह सकते हैं। उन पर ऐसे काम करने का आरोप है जो उनके पद के हिसाब से सही नहीं था। विदेश




मंत्रालय ने कहा कि उस अफसर को 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा। पाकिस्तान हाई कमीशन के संबंधित विभाग को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। पॉर्सोना नॉन ग्रेसा जिसका आसान भाषा में मतलब होता है अवांछित व्यक्ति यानी, कोई ऐसा व्यक्ति जिसे किसी खास जगह, देश या समूह में अब पसंद नहीं किया जाता या स्वीकार नहीं किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मामलों में जब कोई देश किसी को पॉर्सोना नॉन ग्रेसा घोषित करता है।

## सुविचार



महोदय, जो लोग धैर्य और संयम के साथ रहकर खुब परिश्रम करते हैं सकारात्मक नजरिया और ईश्वर पर भी विश्वास बनाए रखते हैं ! ऐसे लोग ही विपरीत परिस्थितियों में जीत हासिल करके दूसरों लिये रोल मॉडल बनकर ,दुनियां में प्रसिद्धी पाकर देश का नाम रोशन करते हैं !

डॉ.मदनलाल गांगले जावरा जिला रतलाम (मध्यप्रदेश)

# संपादकीय

## ट्रोलर्स के सामने बेबस आईएएस-आईपीएस

भारतीय संविधान के अनुसार देश की प्रशासनिक व्यवस्था (कार्यपालिका) के प्रमुख स्तंभ आईएएस और आईपीएस अधिकारी इतने बेबश होंगे, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। लोकतंत्र के स्तंभ अधिकारी जब अपनी ही रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिक किस हालत मे रह रहे होंगे। इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। हाल ही में विदेश सचिव विक्रम मिशरी उनकी बेटी और उनके परिवार जनों पर जिस तरह से ट्रोलरों द्वारा उनके ऊपर हमला किया। ट्विटर अकाउंट पर उन्हें गद्दार, देशद्रोही और ऐसे ऐसे शब्दों से उन्हें और उनके परिवार को नवाजा गया। उससे वह इतने हताहत और भयभीत हुए, उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट को प्राइवेट कर दिया। कुछ इसी तरह की घटना हिमांशी नरवाल के साथ हुई थी। उनके पति सेना में थे, कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी। पहलगाम हनीमून मनाने गए थे, वहां आतंकी घटना में उनके पति की आतंकियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। हिमांशी ने कश्मीर के लोगों के बारे में बताते हुए कहा, कश्मीरियों ने घटना के बाद सबकी मदद की है। उनकी इतना कहते ही सोशल मीडिया पर ट्रोलरों ने सेना के अधिकारी की विधवा हिमांशी पर हमला करते हुए उसे जिस तरीके से अपमानित किया है। सारे देश ने वह देखा है। सोशल मीडिया के ट्रोलर्स जिन्हें सत्ताधारी राजनीतिक दल का संरक्षण प्राप्त है। वह सत्ताधारी दल की विचारधारा के विपरीत यदि कोई बात कह देता है, तो उसे देशद्रोही, गद्दार, पाकिस्तान चले जाओ और तरह-तरह के ऐसे शब्दों से नवाजा जाता है। जिसे ट्रोल किया गया है वह डर तथा भय के कारण शांत होकर बैठ जाता है। सरकार और प्रशासन द्वारा इन ट्रोलरों को नजर अंदाज कर दिया जाता है। ट्रोलिंग की इस अराजक संस्कृति ने संविधान प्रदत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का लाभ उन परिवारों को निशाना बनाने के लिये किया जाता है, उनकी व्यक्तिगत गरिमा को चोट पहुंचाई जाती है। व्यक्तिगत कार्यशैली और निष्पक्षता पर भी सवालिया निशान लगाकर सोशल मीडिया में अपमानित किया जा रहा है। उसके बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होना आश्चर्य का विषय है। कार्यवाही करने की जिम्मेदारी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ऊपर है। वह निंदा तो कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। इससे समझा जा सकता है हमारा प्रशासनिक तंत्र राजनेताओं के सामने किस तरह से बेबस है। भारतीय संविधान में नागरिकों को जो मौलिक अधिकार मिले हैं। वह कानून की किताबों में तो सुरक्षित हैं, वास्तविकता उसके ठीक विपरीत है। ट्रोल आर्मी द्वारा कई वरिष्ठ अधिकारियों का सोशल मीडिया पर घोर अपमान और निराधार आरोप लगाकर समय-समय पर ट्रोल किया गया है। ट्रोलर्स उन्हें भी राजनीतिक एजेंडे से जोड़ते हैं। उनके निजी जीवन में झाँकते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के निर्णयों और कार्यवाही को पक्षपातपूर्ण ठहराते हैं। यह सिलसिला तब खतरनाक हो जाता है। जब सत्ता पक्ष के समर्थक संगठित रूप से अधिकारियों, पत्रकारों, राजनैतिक दलों के नेताओं और आमजनों को निशाना बनाते हैं। यह स्थिति मनोबल गिराने और भय फैलाने का काम करती है। स्वतंत्र प्रशासनिक निर्णयों में बाधा डालने के रुप में इसे देखा जाता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है, इस तरह की ट्रोलिंग सुनियोजित रूप से कई वर्षों से की जा रही है। बॉट्स एप, फेक आईडी और संगठित रूप से आईटी सेल की भूमिका सामने आई है। जब सजग अधिकारी अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए निष्पक्ष रूप से कार्यवाही करता है या भ्रष्टाचार- पक्षपात के खिलाफ कड़े कदम उठाता है। तो उसका विरोध ट्रोलिंग के रूप में सामने आता है। कई मामलों में परिवार को भी निशाना बनाया जाता है। परिवार सहित लोग मानसिक तनाव का शिकार होते हैं, जिससे उनके कार्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है। डर और भय के कारण वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन भी नहीं कर पाते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अधिक जिम्मेदार बनाना होगा। शासन और प्रशासन को बिना किसी भेदभाव के साइबर लॉ को सख्ती से लागू करना होगा। सरकार को ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा और प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए कदम उठाने होंगे। संविधान ने अधिकारियों की जिम्मेदारी कानून के रुप में तय की है। संविधान के प्रति उनकी भी जवाबदेही है यदि वही अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाएंगे, तो भगवान ही मालिक है। ट्रोलिंग के इस जहरीले जाल से प्रशासनिक, न्यायिक सेवा और आम नागरिकों को बचाना है, तो समाज, सरकार और न्यायपालिका को मिलकर इसके लिये ठोस पहल करनी होगी। अधिकारियों को निर्भीक होकर काम करना होगा। अधिकारी यदि अपने ही सम्मान, कर्तव्य और अधिकारौं पर ध्यान नहीं देंगे। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित रख पाना केवल हवा हवाई होगा। सोशल मीडिया की आज़ादी अभिव्यक्ति का माध्यम है। इसे किसी भी नागरिक की गरिमा को रौंदने का हथियार नहीं बनना चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों ने घटना की निंदा की है। उनके पास कार्यवाही करने के जो अधिकार थे, उन अधिकारों का प्रयोग उन्होंने क्यों नहीं किया। इसको लेकर आम आदमी अब चिंतित है। अधिकारी जब अपने और अपने परिवार की ही रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे सिस्टम पर आम नागरिकों को कैसे भरोसा होगा। इसे आसानी से समझा जा सकता है। सरकार में बैठे मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस बात को समझना होगा। आज विक्रम मिस्त्री और उनके परिवार के साथ जो हुआ है, वहीं अन्य अधिकारियों का भी समय आने पर हो सकता है। विक्रम मिस्त्री और हिमांशी को जिन मीडिया एकाउन्ट से ट्रोल किया गया है, उनके एकाउन्ट तुरन्त सरकार को बंद करना चाहिए। दोषियों की पहचान कर दंडित किया जाना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले समय में कोई भी इसका शिकार हो सकता है। यह समस्या इतनी बढ़ गई है। कई लोगों ने ट्रोलरों के दबाव में आत्महत्या कर ली। सरकार और प्रशासन कठोर कार्यवाही करे, यही आशा की जा सकती है।

# क्या पाकिस्तान में न्यूक्लियर लीक ही अमेरिका की चिंताजनक खुफिया जानकारी थी

7 मई, 2025 को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चला कर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। जिसे भारत ने फेल कर दिया। शनिवार (10 मई, 2025) की सुबह पाकिस्तान ने एक मिसाइल भारत पर दागी। इसे सिरसा में मार गिराया गया। आशंका जताई गई कि यह पाकिस्तान की फतह-।। बैलिस्टिक मिसाइल थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस उड़ा दिए। इनमें एयरबेस नूर खान और मुशाफ भी थे। नूर खान एयरबेस पाकिस्तान के रावलपिंडी में है और राजधानी इस्लामाबाद से मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित है। यह एयरबेस पाकिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण एयरबेस में से एक है। यहाँ पाकिस्तान के सी-130 कार्गो, आईएल-76 रिफ्युलर समेत कई महत्वपूर्ण विमान तैनात रहते हैं। जबकि मुशाफ एयरबेस पाकिस्तान के सरगोधा में है। मुशाफ एयरबेस से भारत सीमा से मात्र 150 किलोमीटर की दूरी पर है। इस एयरबेस पर पाकिस्तान के एफ-16, जेएफ-17 और मिराज समेत कई महत्वपूर्ण विमान तैनात रहते हैं। यह भी बताया जा रहा हैं कि यहां स्थित कई विमानों को भारत के हमले ने नुकसान पहुँचाया है। इसकी तस्वीरें भी सामने आई है। सैटेलाईट से ली गई तस्वीरों में भी भारतीय हमले का असर साफ दिखा है। मुशाफ और नूर खान जैसे सैन्य ठिकानों पर हमला दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। क्योंकि नूर खान पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम है। दूसरा किराना हिल्स था, जो कि सरगोधा के निकट ही मौजूद है, उसकी परमाणु स्टोरेज फैसिलिटी। सरगोधा के मुशाफ एयरबेस पर हमला जहाँ काफी बड़ी बात है, वहीं इससे अहम एक और घटना संभवतः इसी बीच घटी। विश्लेषकों के अनुसार भारतीय वायु सेना और सेना का हमला सिर्फ नूर खान और बाकी 10 एयरबेस पर ही नहीं हुआ, बल्कि इसी के साथ पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी किराना हिल्स पर भी हमला किया गया था। किराना हिल्स सरगोधा जिले में ही स्थित है और मुशाफ एयरबेस के पास मौजूद है। किराना हिल्स पहाड़ का नाम है। यह इलाका पूरी तरह से पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने अपने कब्जे में ले रखा है। यहाँ पाकिस्तान ने पहाड़ के नीचे अपनी स्टोरेज फैसिलिटी बनाई हुई बताई जा रही है, इसमें हथियार रखे जाते हैं। यह भी सामने आया है कि यहाँ पाकिस्तान ने अपने परमाणु हथियार छुपाए हुए हैं। विश्लेषकों ने कई फुटेज और लोकेशन का विश्लेषण करके दावा किया है। विश्लेषकों का दावा है कि यह इस फैसिलिटी पर भारत ने कोई ब्रह्मोस जैसी मिसाइल दागी है, जिसने बड़ा नुकसान यहाँ पहुँचाया है। यह भी दावा है कि यहाँ पर भारत ने एक से अधिक हमले एक साथ किए हैं, जिसके चलते इस फैसिलिटी को नुकसान पहुँचा है। विश्लेषकों के अनुसार, यह हमला भारत ने 10 मई को सिरसा पर मिसाइल छोड़े जाने के बाद भारत ने किया था। उनका दावा है कि लगातार हुए हमलों के चलते इस इन्फ्रा को नुकसान पहुँचा और इसके चलते अंदर रखे परमाणु हथियार भी डैमेज हुए बताए जा रहे है। जानकारों की माने तो पाकिस्तान की इस किराना हिल्स फैसिलिटी पर भारत के हमले की थ्योरी को और भी बल कुछ और घटनाओं से मिला। 10 मई,





2025 को पाकिस्तान में दोपहर में ही रिक्टर स्केल पर 4.0 की तीव्रता का एक भूकंप आया। दरअसल, परमाणु हमलों के समय भी ऐसे ही भूकंप महसूस किए जाते हैं। विश्लेषकों ने दावा किया कि कहीं यह भूकंप परमाणु हथियारों के फटने के चलते तो नहीं आए। भारतीय हमले के अलावा यह भी एक आशंका जताई गई कि पाकिस्तान ने स्वयं ही यह धमाका किया हो ताकि इसका सन्देश जाए।

इसके बाद 11 मई, 2025 को एक और घटना घटी। इस दिन पाकिस्तान में एक अमेरिकी विमान का आना हुआ। यह बीचक्राफ्ट कम्पनी का एक विमान था। विश्लेषकों ने दावा किया कि यह विमान अमेरिका के एनर्जी विभाग का है। एनर्जी विभाग ही अमेरिका और उससे जुड़े देशों में परमाणु हथियारों की देखरेख करता है। विश्लेषकों का दावा है कि यह एयरक्राफ्ट पाकिस्तान में परमाणु हथियार फटने हुए रेडियो विकिरण को जाँचने आया था। यह एयरक्राफ्ट इस्लामाबाद और आसपास के इलाकों में उड़ान भरता देखा गया। विश्लेषकों का कहना है कि किराना हिल्स से हुए विकिरण को जाँचने यह विमान हवा में चक्कर काट रहा था। हालाँकि, इसके उलट भी कुछ दावे हुए। बताया गया कि यह एयरक्राफ्ट 2010 में ही अमेरिकी एनर्जी विभाग से डीरजिस्टर हो चुका था और अब यह पाकिस्तान के लिए काम करता है। किसी भी पक्ष की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी। भारत के पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर हमला करने और उसके बाद सीजफायर होने की थ्योरी को एक और घटना ने बल दिया है। फ्लाईट की आवाजाही पर नजर रखने वाले लोगों ने बताया कि मिस्र से 11 मई, 2025 को एक विमान पाकिस्तान पहुँचा। इसके एक दिन बाद एक और विमान मिस्र से पाकिस्तान आया था। यह विमान मिस्र की एयरफ़ोर्स के थे। इसके बाद लोगों के मन में प्रश्न उठे कि क्या पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर हमला हो गया है। इन विमानों के द्वारा बोरान लाए जाना बताया जा रहा है। विश्लेषकों के अनुसार बोरान का इस्तेमाल परमाणु हथियार फटने से हुए रेडियो विकिरण को कम करने में किया जाता है। ऐसे में संभवत पाकिस्तान मिस्र से बोरान ही मँगा रहा था। इस दावे को इस बात से बल मिला कि मिस्र बोरान का एक बड़ा उत्पादक है और यह मिस्र के नील नदी के डेल्टा में बड़ी मात्रा में उत्खनन होता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच 10 मई, 2025 को ही शाम 5 बजे सीजफायर का ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भी इसमें भूमिका बताई गई। यह बात जितनी महत्वपूर्ण थी, उससे महत्वपूर्ण थी कि यह क्यों हुआ। अमेरिकी मीडिया संस्थान सीएनएन ने एक रिपोर्ट में बताया कि जेडी वेंस ने दोनों देशों से बातचीत और शांति समझौते के लिए प्रयास का यह कदम एक चिंताजनक खुफिया जानकारी के बाद उठाया।

भारतीय सेनाओं के किराना हिल्स पर हमले और अमेरिका के उसके बाद सक्रिय होने को लेकर यही एक कड़ी है। यह बात स्पष्ट नहीं है लेकिन संभवतः परमाणु फैसिलिटी पर हमला या फिर भारत का इस संबंध में स्पष्ट कर देना कि अब उसका निशाना सामान्य पाकिस्तनी एयरबेस या सैन्य अड्डे ना होकर परमाणु फैसिलिटी होंगी, अमेरिका को चिंतित कर गया। इसके समर्थन में एक बात और भी है। दरअसल, 10 मई 2025 तक दोनों देश लगातार एक दूसरे पर हमला कर रहे थे और भारत को बढ़त हासिल थी। यह स्थिति 10 मई, 2025 को 2 बजे दोपहर तक थी। लेकिन इसी बीच ऐसा क्या हुआ कि 5 बजे सीजफायर का ऐलान दोनों देशों ने कर दिया। एक और प्रश्न उठता है कि इस सीजफायर को लेकर अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने जहाँ पीठ ठोंकी वहीं 2 दिन पहले वह इस मामले से दूर भाग रहे थे। उनका मत था कि यह मामला दोनों देशों के बीच का है और वही इसे निपटाएंगे। ऐसे में कुछ घंटो के भीतर क्या हुआ कि अमेरिका इस पूरे बवाल में इंट्रेस्टेड हो गया।

इस परिस्थिति को लेकर जितने भी प्रश्न अभी चल रहे हैं, उनमें से एक का भी जवाब अभी आधिकारिक तौर पर नहीं आया है। अधिकांश जगह एक सिरे से दूसरा सिरा मिला कर ही बातें कही जा रही हैं। संभवतः यह जानकारी इतनी संवेदनशील है कि इसको लेकर कभी कुछ सामने ही ना आए। लेकिन अभी के दावों के अनुसार इस बात की प्राथमिकता काफी ज्यादा है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी को निशाना बनाया होगा। ये बातें कितनी सच है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। लेकिन जिस प्रकार मीडिया में चल रहा है, उसमें कही कुछ तो सच्चाई होगी ही।

**रामस्वरूप रावतसरे**
स्वतंत्र पत्रकार
जयपुर ,राजस्थान
9828532633

## कहानी

# बोरी में भरइग्यो

सुमित का अछा भला खाता-पीता घर चल रहा था कि उसका भाई पतित अचानक रोज घर में तोड़फोड़ कर नुकसान करने लगा व उसकी करतूत दूसरे पर मढ़ देता । एक दिन वह मुंह पर आ ही गया बोला , इस घर का उधर का हिस्सा में लूंगा । सारा कारोबार अलग करूंगा । परिवार में शांति रहे इसलिए पुस्तैनी घर का एक हिस्सा उसे दे दिया गया । पतित फिर बोला , तेरा बाड़ा भी मुझे दे दे ।

अब सुमित के लिए ये संभव नहीं था । उसने ना कह दिया । उधर अन्यों के बहकावे में आकर पतित सुमित को परेशान करने लगा कभी किराए के गुंडों से उसके घर पर पत्थर फिंकवाता , कभी फटाके जलाकर उसके घर पर व बाड़े में फिंकवा देता ।



पतित अवैधानिक कामों से कमाई कर सुमित के परिवार को आतंकित करने में अपने रुपए खर्च करने लगा । इधर सुमित ने अपना अछा विकास कर अछी शक्ति अर्जित कर ली थी । एक दिन पतित के भाड़े के टट्टूओं ने सुमित के बाड़े में घुसकर आग लगवा दी, जिससे

> अब सुमित के लिए ये संभव नहीं था । उसने ना कह दिया । उधर अन्यों के बहकावे में आकर पतित सुमित को परेशान करने लगा कभी किराए के गुंडों से उसके घर पर पत्थर फिंकवाता , कभी फटाके जलाकर उसके घर पर व बाड़े में फिंकवा देता ।

वहां काम कर रहा परिवार जल गया । सुमित के धैर्य का बांध टूट गया । उसने सबसे विचार विमर्श कर सबूत जुटा पतित के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही ही नहीं की बल्कि उसके सारे गलत धंधों पर रेड डलवा दी, सारे गलत धंधों पर ताले लगा दिए गए गए। पतित द्वारा लगातार ऐसा आतंक मचाने के कारण किसी ने उसका सहयोग नहीं किया । अब उसके पास कुछ नहीं बचा इधर उधर भागता छुपता फिरा । तो सुमित के एक मित्र कहा , पतित ने जैसा किया वैसा भरा । मालवी की एक कहावत बोलता हुआ बोला , यूं बोलो तो भारत का आप्रेशन सिंदूर जसी कार्रवाई ती तो थारो दुश्मण पाकिस्तान यूं बोरी में भरई ग्यो है। अब रुक जा पर सावधान रीजे ।

**भगवती प्रसाद गेहलोत**
पिपलिया स्टेशन जिला
मंदसौर मध्य प्रदेश 458 664
मोबाइल 798704 8978

# बड़े घर का कुत्ता

वैसे तो हमारा मोहल्ला मध्यम निम्न मध्यमवर्गीय फैमलियों का तरतीब बेतरतीब जमघट है जहां छोटी छोटी जरूरतें एक दूसरे से छीनते हम एक दूसरे से मौके बेमौके, बहाने शहाने लड़ते रहते हैं। पर हमारे इसी मोहल्ले में चिड्ढ टाइकून भी रहते हैं। उनकी बड़े बड़े लोगों से दोस्ती है। उन्होंने एक कुत्ता रखा हुआ है। बीच में वे कुछ दिनों के लिए वे कुत्ताविहीन भी हो गए थे ,पर अपने गेट पर उन्होंने आम आदमियों को डराने के लिए बोर्ड फिर भी लगाए रखा- कुत्तों से सावधान। लगता है , अब आदमी से आदमी का डर जाता रहा है। इसलिए बिन कुत्तों के भी सज्जनों को कुत्ते से फेक सावधान कराना पड़ता है। छोटे घरों में तब तक शांति नहीं होती जब तक उनमें दिन में दो चार बार तू तू मैं मैं न हो ले, और बड़े घर तब तक बड़े नहीं लगते, जब तक उनमें से दिन में पांच सात बार राजयोगी कुत्ते का भौंकना न सुनाई दे। बड़े घरों के कुत्ते राजयोगी होते हैं तो छोटे घरों का आदमी खाजयोगी। भगवान इन दिनों आदमियों के हाथों के बदले कुत्तों के पंजों में राजयोग की रेखाएं ज्यादा डालने लगे हैं। कायदे से जिधर ऊंचे लोगों की फैमिली में कुत्ता नहीं होता, उन्हें ऊंचे समाज में ऊंची फैमिली होने के बाद भी साधारण फैमिली ही माना जाता है। समाज में आम आदमियों के बीच बड़ा आदमी होने की पहचान कुत्ता दिलाता है। बड़े लोगों की शान कुत्ता होता है। बड़े घरों में घरवालों से महान कुत्ता होता है। बड़े लोगों का अंतिम अरमान कुत्ता होता है। बड़े घरों की मुस्कान कुत्ता होता है।तो साहब ! अब हुआ यों कि मुझे भी इंस्टाग्राम हैंडल से ही पता चला कि हमारे मोहल्ले के सबसे बड़े लोगों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कि उनके परिवार का सभी का लाड़ला नहीं रहा। परिवार जनों का रो रोकर हुआ बुरा हाल। इंस्टाग्राम हैंडल पर ये दुखद समाचार पढ़ मेरे हाथ पांव फूल गए। पढ़ दिल की नसें फटने लगीं। दिमाग तो मेरे पास बरसों से नहीं है। सो , उसकी नहीं फटीं। बदन पर रोंगटे थे, सो, वे भी खड़े हो गए। बंधुओ ! छोटा आदमी तो होता ही दुःखों के पहाड़ के नीचे आने को है। वह पैदा ही दुखों के पहाड़ के नीचे जीने को होता है। दुःखों के पहाड़ उसकी जिंदगी होते हैं, उसकी बदंगी होते हैं। बड़ी से बड़ी व्यवस्थागत जेसीबी उसे





### व्यंग्य
### अरण्यरोदन

दुःखों के पहाड़ के नीचे से नहीं निकाल सकती। पर बड़े आदमियों पर दुःख का पहाड़ तो छोड़िए, उसकी मुट्ठी भर मिट्टी भी गिर जाए तो उनसे अधिक मीडिया हाय तौबा मचा देता है। अतः दुःख के पहाड़ों से मेरा विनम्र निवेदन है कि उन्हें बड़े आदमियों पर टूटने से पहले सौ बार नहीं, हजार बार सोच लेना चाहिए, ताकि कल को दुःख के पहाड़ को कोई दिक्कत न हो। बड़े आदमी रोने के लिए नहीं रुलाने के लिए अवतरित होते होते हैं। मैंने आनन फानन में इंस्टाग्राम हैंडल की खबर की सत्यता की जांच परख के लिए अपने प्रिय पड़ोसी शर्माजी को फोन लगाया। सोशल मीडिया के युग में खुशी की खबर की जांच की जानी चाहिए या नहीं, पर शोक की खबर की सत्यता की जांच जरूर की जानी चाहिए। वे सोए सोए भी मोहल्ले के पल पल की खबर पर अपनी पैनी नजर रखते हैं,' और शर्माजी क्या हाल हैं मोहल्ले के? मोहल्ले में सब खैरियत तो है?' 'नहीं यार! सबसे बुरी खबर है कि अपने मोहल्ले के सबसे बड़े आदमी जी का डियरेस्ट कुत्ता स्वर्ग सिधार गया है,' उन्होंने हद से अधिक इमोशनल होकर बताया। इतने इमोशनल तो वे अपनी मां के दोहांत पर भी न हुए थे।' तो?' 'तो क्या? मैं तो उनके घर जा रहा हूं इसी वक्त उनके कुत्ते के स्वर्गवास की प्रार्थना सभा में शरीक होने।' ' पर कुत्ते को हुआ क्या?' उस वक्त मैं पिछली दफा जो हमारे मोहल्ले में मेरे पड़ोस के मरे थे उनकी मौत के कारणों को जानने को लेकर उतना उत्सुक नहीं हुआ था जितना इस कुत्ते की मौत को लेकर हुआ। कोई अड़ोस पड़ोस का आम आदमी थोड़े था भाई साहब ये! 'होना क्या यार! विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि वह कई दिनों से अस्वस्थ चल रहा था। उसका इलाज कहां कहां नहीं करवाया उन्होंने? इलाज से लेकर झाड़ फूंक तक सब करवाया, पर उनके हाथ कुछ न लगा। ऐसा इलाज जो हमारे मोहल्ले के कोने वाले का होता तो वह जरूर बच जाता।' 'तो अब आगे का क्या प्रोग्राम है?' 'कुत्ते की प्रार्थना सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी।' 'मतलब?' 'मतलब क्या! उनके पीआरओ ने सूचित किया है कि वे सिर्फ अपने बच्चों के बाप नहीं थे, एक डॉग फादर भी थे। होगा वह मोहल्ले के लिए एक कुत्ता, पर वह उनके लिए परिवार का एक सदस्य था। वे उससे मोहल्ले के आदमियों से अधिक प्यार करते थे। इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस कुत्ते को अपना सर नेम तक दे दिया था।' 'मतलब?' ' उनके लिए वह केवल कुत्ता नहीं था। निष्क्रिय परिवार के मेंबरों के बीच सबसे सक्रिय मेंबर था।' 'तो?' 'मैं तो रोटी बीच में खानी छोडे वहां पहुंच रहा हूं सबसे पहले। बड़े लोग हैं यार! नहीं जाऊंगा तो कल को बुरा नहीं ,बहुत मन जाएंगे,' उन्होंने कहा और फोन काट दिया। बेशर्म कहीं के! पिछली दफा जब उनके पड़ोस में उनके खास दोस्त की मौत हुई थी तो मेरे सौ बार कहने के बाद भी वे बुखार का बहाना बनाकर श्मशानघाट जाने से कन्नी काट गए थे।

**अशोक गौतम**
गौतम निवास, अप्पर सेरी रोड़,
नजदीक मेन वाटर टैंक,
सोलन-173212 हि.प्र.

## ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने उत्कृष्ट सीबीएसई ग्रेड 10 परिणाम का जश्न मनाया



इंदौर। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने इंदौर क्षेत्र में सीबीएसई ग्रेड 10 बोर्ड परीक्षाओं में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ एक बार फिर एक बेंचमार्क स्थापित किया है। ग्रेड 10 में, शीर्ष सम्मान प्राप्त किया गया समीक्षा शाही (96.8 प्रतिशत), चाहत बामनिया (92.6 प्रतिशत), और देही खंडेलवाल (91.4 प्रतिशत). ये छात्र अनुकरणीय शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए ऑर्किड इंदौर क्षेत्र से शीर्ष प्रदर्शन करने वालों के रूप में उभरे हैं।

उपलब्धियों के बारे में बताते हुए स्कूल टॉपर और ऐस पेंटर समीक्षा शाही से कक्षा 10, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल, मांगलिया परिसर, ने कहा सीबीएसई परीक्षा में मेरी सफलता लगातार दैनिक अध्ययन का परिणाम है। ऑर्किड में मेरे शिक्षकों के संरचित मार्गदर्शन ने मुझे जटिल अवधारणाओं को समझने में मदद की, जबकि मेरे माता-पिता के भावनात्मक समर्थन ने मेरे लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रहने के लिए आदर्श वातावरण प्रदान किया।

स्कूल टॉपर चाहत बामनिया से कक्षा 10, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर परिसर, ने कहा यह उपलब्धि मेरी कड़ी मेहनत, मेरे शिक्षकों से मिले मार्गदर्शन और मेरे परिवार के अटूट समर्थन का प्रतिबिंब है। मेरा मानना है कि जिज्ञासु बने रहना और सीखने की प्रक्रिया का आनंद लेना मेरी सफलता की कुंजी है। 10वीं कक्षा के समग्र परिणामों पर बोलते हुए, श्लोक श्रीवास्तव, शैक्षणिक प्रमुख, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल, कहा ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में इस वर्ष के सीबीएसई परिणामों पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है।

## वस्त्र निर्यात पर इंदौर में होगा सेमिनार



इंदौर। मैनमेड और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात संवर्धन परिषद (मेटेकसील) द्वारा 16 मई, 2025 को इंदौर में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन मेटेकसील और मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। पहली बार राज्य में हो रहे इस आयोजन के पीछे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा और पहल बताई गई है।

पूर्व अध्यक्ष श्री संजीव सरन ने जानकारी देते हुए कहा कि यह सेमिनार राज्य के वस्त्र निर्यात को नया आयाम देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि मेटेकसील मैनमेड फाइबर वस्त्रों की एकमात्र मान्यता प्राप्त निर्यात संवर्धन परिषद है, जिसके 5,000 से अधिक सदस्य हैं और यह फाइबर, यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स (जैसे होम टेक्सटाइल्स) और तकनीकी वस्त्रों को कवर करती है।

मेटेकसील के अध्यक्ष श्री शालीन तोषनीवाल ने बताया, इस सेमिनार का उद्देश्य मैनमेड फाइबर वस्त्रों, होम टेक्सटाइल्स और तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, निर्यात की संभावनाएं और रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य में मिश्रित फैब्रिक, मेड-अप्स, रेडीमेड गारमेंट्स और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। ÷मध्य प्रदेश में कच्चे माल की उपलब्धता, कुशल श्रमिक, विश्वसनीय बिजली एवं जल आपूर्ति और नवविकसित वस्त्र पार्क जैसी विशेषताएं राज्य को वस्त्र उद्योग के लिए आदर्श बनाती हैं, उन्होंने जोड़ा। श्री तोषनीवाल ने यह भी कहा कि प्रदेश की समृद्ध वस्त्र विरासत और नीतिगत सहयोग इसे वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाने में सक्षम बनाते हैं।

## पॉडकास्ट में इन्दौर के युवा मॉडल ने दिया एकता का संदेश



इंदौर। कुछ दिनों पहले रिलीज़ हुए पॉडकास्ट मे अनसेड क्रिएशन के साथ इन्दौर के ख्यात मॉडल, एक्टर एवं विधानसभा अध्यक्ष पं कुणाल पंचोली बतौर गेस्ट नज़र आए। उनके एक्टिंग, मॉडलिंग करियर से मिली लोकप्रियता के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा, कि सफलता और नाम रातों रात नहीं मिलता, इसके लिए उन्होंने भी कई वर्ष दिए हैं और स्ट्रगल भी किया।

कुणाल ने पॉडकास्ट में अपने स्ट्रग्लिंग दिनों की भी खुल कर बात करी, कुणाल ने बताया शुरुआती दिनों में घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह गर्मी की छुट्टियों में 36 किलोमीटर साइक्लिंग करके क्लास आना जाना करते थे। कुणाल ने बताया इंडस्ट्री में कोई गॉडफादर नहीं होने के कारण, उन्हें ज़रूरत से अधिक स्ट्रगल से गुजरना पड़ा। जब वे स्ट्रगल करते थे तो उन्हें बहुत कम लोग सपोर्ट करते थे, वहीं जब नाम हुआ तो पराए भी अपने हो गए, तो जिंदगी का यही सच है।

# परिणाम जीवन का अंत नहीं हैं, समझदारी से करें परीक्षा परिणामों का सामना

## चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट डॉ विनी झारिया ने हाल में आए परीक्षा परिणामों पर विचार व्यक्त किए

इंदौर। परीक्षा परिणाम के दिन काफी भावनात्मक उतार–चढ़ाव लेकर आता है कुछ के लिए ये खुशी का पल होता है, तो कुछ के लिए निराशा का कारण। लेकिन एक सच्चाई जो अक्सर हम भूल जाते हैं अंक जीवन की अंतिम कसौटी नहीं हैं।



ऊर्जस्विनी स्पेशल स्कूल की संचालिका एवं चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट डॉ विनी झरिया ने हाल ही में आए परिणामों पर विचार व्यक्त किए।

डॉ विनी झारिया ने बताया कैसे करें परीक्षा परिणाम को स्वीकार यथार्थवादी नजरिया अपनाएं। भारत में हर साल करीब 3.5 करोड़ छात्र बोर्ड परीक्षाएं देते हैं, परन्तु केवल एक सीमित प्रतिशत को ही टॉप रैंक मिलती है। इसका मतलब यह नहीं कि बाकी सभी असफल हैं। सफल करियर और संतुलित जीवन के लिए नंबरों से ज़्यादा ज़रूरी हैं- आत्मविश्वास, कौशल, लचीलापन और लगातार सीखने की इच्छा।

### माता-पिता के लिए 3 आवश्यक सुझावः

नतीजों को व्यक्तित्व से न जोड़ें बच्चों को यह महसूस न कराएं कि उनके नंबर उनकी काबिलियत या प्यार का पैमाना हैं। यह समय उन्हें सहारा देने का है, दबाव डालने का नहीं।

ओपन डिस्कशन को बढ़ावा दें ङ्क अगर बच्चे का परिणाम उम्मीद से कम है, तो चुप्पी न साधें। पूछें कैसा लग रहा है?, अब क्या सोचना है? बच्चों की भावनाओं को स्वीकार करें और साथ मिलकर आगे की योजना बनाएं।

लाइफ स्किल्स पर ध्यान दें ङ्क आज दुनिया में कम्युनिकेशन स्किल्स, क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी जैसी क्षमताओं की मांग सबसे ज्यादा है। इनपर बच्चों को तैयार करें, सिर्फ नंबरों पर नहीं।

### छात्रों के लिए 3 व्यवहारिक सुझावः

भावनाओं को स्वीकार करें, लेकिन उसमें अटकें नहीं निराश होना स्वाभाविक है। लेकिन खुद को बार-बार दोष देना या तुलना करना आपकी प्रगति रोक सकता है। एक दिन दुखी हो लें, फिर नए सिरे से आगे बढ़ें।

पुनर्मूल्यांकन करें अब क्या? यदि नंबर कम आए हैं, तो अब यह सोचना ज़रूरी है कि आपका अगला कदम क्या होगा। स्किल डेवलपमेंट, नए कोर्सेज़, या फिर रुचि आधारित करियर विकल्पों की तरफ बढ़ें।

सफलता की परिभाषा खुद तय करें - क्या सिर्फ डॉक्टर या इंजीनियर बनना ही सफलता है? नहीं। आज सोशल मीडिया मैनेजमेंट से लेकर- डिजाइनर और एनीमेशन तक, सैकड़ों नए करियर विकल्प मौजूद हैं।

कम नंबर आए हैं? कोई बात नहीं... ये करें- खुद को दोषी न मानें ङ्क हर किसी की सीखने की गति अलग होती है।

रिजल्ट्स को फीडबैक की तरह लें - मुझे कहां सुधार की ज़रूरत है?

किसी काउंसलर या मनोवैज्ञानिक से बात करें यदि आप लगातार उदास, चिंतित या खोए-खोए महसूस कर रहे हैं।

# न्यूरो सर्जरी आईसीयू यूनिट का उद्घाटन

इंदौर। श्री बड़े साथ ओसवाल जैन युवा संघ के सदस्यों ने मिलकर लगभग 10 दानदाता के माध्यम से लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से एक न्यूरो सर्जरी आईसीयू यूनिट का उद्घाटन आज एम वाय परिसर किया।




श्री बड़े साथ ओसवाल जैन युवा संघ द्वारा एमवाय हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जरी यूनिट में सेवा कार्य के शुभारंभ करते हुए अधीक्षक डॉक्टर अशोक यादव ने बताया कि आज मरीज की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है जिससे सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक सुविधाएं देने के उद्देश्य से विभिन्न समाजों के माध्यम से कई कार्य किया जा रहे हैं. मुख्य अतिथि वीरेंद्र बोडाना ने बताया कि आज युवा मानव सेवा के कार्यों में अपना हाथ आगे बढ़ते हुए तन मन धन से इनकारी को संपन्न कर रहा है और युवा शक्ति ही आज प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है!

जैन समाज सदैव मानव सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है और मुक्त हस्त से इन कार्यो के लिए दान भी दिया जाता है! न्यूरोसर्जन डॉक्टर परेश सोंधिया ने बताया कि न्यूरो सर्जरी आईसीयू यूनिट की जरूरत बहुत ज्यादा लग रही थी क्योंकि न्यूरो में आने वाला मरिज 5 से 6 सप्ताह से लेकर 6 महीने तक का भी उसके इलाज में समय लगता है ,जिसके कारण उसको अस्पताल में रखा जाता है! जहां बाहर के अस्पताल में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं वहां यहां न्यूनतम खर्च में उसका इलाज संपन्न हो जाता है और वहां अपने परिवार में खुशी-खुशी चला जाता है!

युवा संघ कोषाध्यक्ष अनुराग गेलड़ा ने बताया कि आगे आने वाले महीनो में स्नेह सम्मेलन, अंगदान और देहदान करने वाले जैन समाज के परिवारों का सम्मान, पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था विभिन्न बगीचों और सार्वजनिक स्थलों पर करने का कार्य शुरू किया जाएगा!

युवा संघ चेयरमैन विशाल डागरिया ने बताया कि इस अवसर पर आईसीयू यूनिट में दान देने वाले विभिन्न दानदाताओं का सम्मान भी किया गया! अथिति स्वागत रूपेंद्र जैन नारेलिया, विक्रम श्रीमाल , विशाल डागरिया, अनुराग गेलडा, हनी चोरड़िया ,अखिलेश डांगी ,राकेश मेहता ने किया ! कार्यक्रम संचालन विपुल ढाबरिया व सुनील मुर्डिया ने माना

## एमबीए दूसरे और पांचवे सेम की परिक्षा एक ही दिन होने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाई आपत्ति



इंदौर समाचार प्रतिनिधि! देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा एमबीए के दूसरे और चोथा सेमेस्टर की परीक्षा एक ही दिन ली जा रही है साथ ही समय सारणी में भी बदलाव किया गया है जिसके कारण अब छात्रों को एक ही दिन मे दो पेपर की तैयारी करनी पड़ेगी जिस पर युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष स्वप्निल कांबले ने आपत्ति लेते हुए छात्रों की आवाज उठाई है!

उन्होंने बताया कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय मैं एडमिशन लेने वाले अधिकतर छात्र इंदौर जिले और आसपास क्षेत्र से आते हैं! एमबीए दूसरे सेमेस्टर के ए टी के टी के छात्रों की परीक्षा का समय सुबह 7 बजे रखा गया है यूनिवर्सिटी से 40 से 50 किलोमीटर दूरी से आने वाले छात्रों को अल सुबह पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा न होने से दिक्कत का सामना करना पड़ेगा! साथ ही चोथा सेमेस्टर रेगुलर की परीक्षा का समय 3 बजे रखा गया है जिससे दूसरे सेमेस्टर के ए टी के टी और चोथा सेमेस्टर रेगुलर के छात्रों को एक ही दिन मे दो पेपर देने होंगे। जिस पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का ध्यान आकर्षित करते हुए स्वप्निल कांबले ने छात्रों के हित में टाइम टेबल में बदलाव करने के लिए आवेदन दिया है।

## आयुक्त शिवम वर्मा को जन्मदिन पर पौधा भेंट



इंदौर। नगर निगम इंदौर के कमिश्नर श्री शिवम वर्मा के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आज इंदौर नगर अनुसूचित जाती एवं निगम कर्मचारी कामगार संगठन द्वारा उन्हें एक विशेष उपहार स्वरूप वृक्ष का पौधा भेंट किया गया। उक्त जानकारी देते हुए युवा कामगार संघ अध्यक्ष सूरज गौहर ने बताया कि यह हरित भेंट न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, बल्कि स्वच्छता और हरियाली के प्रति निगम के संकल्प को भी दर्शाता है। श्री शिवम वर्मा जी ने कहा, स्वस्थ शहर और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में हमारा हर छोटा प्रयास एक बड़ा बदलाव ला सकता है। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष श्याम अजयपाल, रानू सेन जी, नितेश टांक, विजय कंडारे, प्रथम पाल, सौरभ डागर, याशिका सोनवाल बंसल, राहुल अजयपाल उपस्थित थे।

# मप्र के 10 शहर बनेंगे हरित ऊर्जा के हब

## प्रदेश सरकार की पहल पर शुरू हुआ ग्रीन सिटी मिशन

इंदौर। मप्र सरकार का फोकस नवीकरणीय ऊर्जा से बिजली उत्पादन पर है। इसके लिए सरकार ने ग्रीन सिटी मिशन की शुरूआत कर दी है। इसके तहत फिलहाल प्रदेश सरकार अगले दो वर्षों में 10 शहरों को ग्रीन सिटी (हरित ऊर्जा के हब)के रूप में विकसित करने जा रही है, जहां 75 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय ऊर्जा से आपूर्ति की जाएगी।



सांची और खजुराहो में पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है, और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों पर 100 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग अनिवार्य होगा। इसके लिए मुख्यत- हेरिटेज टाउन, पर्यटन स्थल और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के नगरों को चुना जाएगा।

मप्र सरकार ने प्रदेश के 10 शहरों को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। यह पहल न केवल पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राज्य को सतत विकास की दिशा में आगे ले जाने का एक सशक्त प्रयास भी है। ग्रीन सिटी के तौर पर विकास के लिए नगरों के चयन की प्रक्रिया जारी है। इसमें महेश्वर, चंदेरी, मांडू, ओरछा, अमरकंटक, भीमबेटका, ओंकारेश्वर, चित्रकूट जैसे नगरों के चयन पर विचार चल रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025 की गाइडलाइन में इस संबंध में प्रावधान किया गया है। नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के एसीएस मनु श्रीवास्तव के अनुसार चयनित नगरों में सालभर घरेलू व व्यावसायिक उपभोक्ता जितनी बिजली का उपयोग करते हैं उसका 75 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा से सप्लाई करने की व्यवस्था बनाई जाएगी। धार्मिक, सांस्कृतिक महत्त्व के भवनों में शत प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग होगा।

# 2025 तक ख़त्म हो जायेंगी धरती की पचास फीसदी प्रजातियां - डॉ. सिक्का

इंदौर। 'अनुमान है कि पृथ्वी पर पेड़–पौधों और जीव–जंतुओं की 11 करोड़ से अधिक प्रजातियां हैं, एक अन्य आकलन तो 110 करोड़ से भी ज्यादा का है। परंतु दुःख की बात ये है कि 2050 तक इनमें से पचास फीसदी प्रजातियां लुप्त हो जायेंगी। यह असाधारण क्षति है। बिगड़ते पर्यावरण से हमारी धरती का मौसम ही नहीं, हमारा स्वास्थ्य भी भंयकर खतरे में पड़ गया हैं'।





यह बात पर्यावरण संरक्षण अभियान के लिये ख्यात डॉ.जयश्री सिक्का ने कही। वे स्थानीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में जारी 'हल्ला-गुल्ला चिल्ड्रन थियेटर वर्कशॉप' के बच्चों से संवाद कार्यक्रम में अपने विचार रख रही थीं। इस अवसर पर शिविर के आयोजन प्रमुख सर्वश्री तपन मुखर्जी, शकील अखूतर, श्रीमती सीमा व्यास मौजूद थीं। डॉ. सिक्का ने कहा, 'चुनौती बहुत बड़ी है। औद्योगिकरण की मार ने हमारे पर्यावरण को भयंकर क्षति पहुंचाई है।

40 हज़ार से अधिक ज़हरीले रसायन आज हमारी धरती की आबो-हवा में मौजूद हैं। समंदर में 10 लाख टन से ज़्यादा कचरा फेंका गया है। इससे प्रशांत महासागर में प्लास्टिक का एक टापू 'ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच' बन गया है। कार्बन उत्सर्जन से भी आज ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ख़तरा सामने है। इससे धरती का मौसम बदलता जा रहा है'।

बिगड़े पर्यावरण को लेकर उन्होंने इंदौर में अप्रैल के महीने में ही 42 डिग्री तापमान और मई के महीने में 5 इंच बारिश की भी चर्चा की। उन्होंने कहा, अफसोस ये है कि हम इन सबके पीछे की वजहों को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं। मिसाल के लिये इंदौर के विकास के लिये हमने यहां के 1 लाख से अधिक पेड़ काट डाले हैं।

सोचिये क्या ऐसा विकास सही है, क्या ये कांक्रीट की इमारतें,पुल,सड़कें विकास की वास्तविक परिभाषा है? यहां पर आज नर्मदा के चौथे चरण की बात हो रही है, क्या हमें कुएं,बावड़ियों और तालाबों के उद्धार के बारे में नहीं सोचना चाहिये?

जयश्री जी ने कहा, 'हम आज जो पोलीथीन की एक थैली या प्लास्टिक को फेंकते हैं, उसे सड़ने और गलने में करीब 400 साल लग जायेंगे, सोचिये हम आने वाली कितनी पीढ़ियों के साथ भयंकर अनर्थ कर रहे हैं। क्या हमें अपनी ज़िम्मेदारी ज्ञान नहीं है' ? प्लास्टिक के सेहत पर पड़ने वाले नतीजों के बारे में डॉ. सिक्का ने कहा, हम आज प्लास्टिक से बनी चीज़ों का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं।

पानी की बोतल, खाने के टिफिन, खाने की प्लेट भी आज प्लास्टिक की है। इनमें माइक्रो और नैनो प्लास्टिक के अदृश्य कण उत्पन्न होते है। इसके इस्तेमाल से हमें कैंसर हो सकता है। प्लास्टिक के डिब्बे में अम्लीय चीजें, जैसे आचार रखना तो सबसे ज़्यादा घातक है। उन्होंने कहा, हम पानी की बोतल के इस्तेमाल से ही करीब डेढ़ लाख अदृश्य कणों को गटक जाते हैं। यह हमारे मेटाबोलिज़्म को बिगाड़ देते हैं। इनसे हमारे हार्मोन की संरचना तक में बदलाव आता है। यहां तक की ये हमारे डीएनए को बदलने की ताक़त रखते हैं।

यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी।

संवाद सत्र से पहले श्यामक डावर के डांस ग्रुप, श्यामक डावर डांस अकादमी,मुंबई से प्रशिक्षित पेशेवर डांसर कबीर वर्मा प्रतिभागियों के बीच पहुँचे। बच्चों से उनका परिचय श्री शकील अखूतर जी ने कराया। कबीर वर्मा अब नाटक के दो गीतों की कोरियाग्राफी बच्चों को सिखाएंगे। साथ ही वे डांस शोज़ और उससे जुड़े प्रशिक्षण के अनुभव पर बच्चों को अपना व्याख्यान भी देंगे। शिविर में प्रतिदिन की तरह रंगकर्म प्रशिक्षण भी जारी रहा।

# अध्यक्ष के पति नपा कार्यालय एवं वाहन का करते हैं उपयोग, भाजपा-कांग्रेस के पार्षदों ने दिया धरना

**वार्डो में विकास न होने से नाराज सत्तापक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने नपाध्यक्ष कार्यालय पर जमीन पर बैठे**







**नागदा जं. निप्र।** अपने-अपने वार्डों में छोटे-छोटे विकास कार्य नहीं होने तथा नगर में लगातार भारतीय जनता पार्टी की परिषद की हो रही किरकिरी से नाराज सत्तापक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने एकजुट होकर बुधवार दोपहर को नगर पालिका कार्यालय पर अध्यक्ष कक्ष के सामने धरना प्रदर्शन किया। इससे पूर्व लगातार जनसुनवाई में नपा के संबंध में आ रही शिकायतों को लेकर एसडीएम ब्रजेश सक्सेना ने नपा कार्यालय का औचक निरीक्षण भी किया।

### क्या है मामला

बुधवार की दोपहर को एसडीएम श्री सक्सेना नपा कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुँचे थे, इसी दौरान नपा कार्यालय में एक के बाद एक काफी पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि एकत्रित हो गए। सत्तापक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने आरोप लगाया कि नपाध्यक्ष के पति नपा कार्यालय एवं वाहन का उपयोग नहीं कर सकते। पार्षदों ने उनके वार्डो में रोके गए विकास कार्यो का मुद्दा भी उठाया तथा सुफाई व्यवस्था से लेकर निर्माण कार्यो को रोके जाने का आरोप नपाध्यक्ष एवं मुनपा अधिकारी पीके सुमन पर लगाया। पार्षदों ने कहा कि नगर का विकास अवरूद्ध हो गया है। गौरतलब है कि मंगलवार को जनसुनवाई में नगर पालिका से संबंधित काफी शिकायतें एसडीएम के समक्ष पहुँची थी, जनसुनवाई में भी नपा के मामलों में हंगामें तक की स्थिति बनी थी तथा पार्षदों ने विकास कार्यो के अवरूद्ध होने का मामला एसडीएम के समक्ष उठाया था।

### भाजपा पार्षद ने रखा अपना पक्ष

मामले में वार्ड क्र. 14 की भाजपा पार्षद के प्रतिनिधि भूपेन्द्र राणावत ने बताया कि मैं नगर पालिका अपने कार्यालयीन कार्य के लिये गया था। लेकिन इस दौरान एसडीएम साहब भी आ गये। कार्यालय में अध्यक्षजी के कक्ष में ओपी गेहलोत, एसडीएम मौजूद थे, तब उन्होंने इसका विरोध किया राणावत ने कहा कि नपाध्यक्ष के पति किस हैसियत से अध्यक्ष के कक्ष में बैठते है। एसडीएम ने बताया कि वह कोई बैठक नहीं ले रहे थे, सामान्यतः औचित्य निरीक्षण था, तथा चर्चा कर रहा था, तब राणावत ने बताया कि अध्यक्ष तो मौजूद ही नहीं हैं, ये कैसा निरीक्षण है ? इस दौरान कहासुनी में अपना विरोध प्रकट करते हुए यह कहा गया कि ओ पी गेहलोत नपा अध्यक्ष का वाहन स्कार्पिया का किस हैसियत से उपयोग करते है ? तब एसडीएम साहब संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। भाजपा पार्षद प्रतिनिधि ने विरोध प्रकट करते हुए कहा कि औचक निरीक्षण आपका अधिकार है जो एक प्रक्रिया का हिस्सा है लेकिन नगर पालिका वाहन का इस तरह से दुरूपयोग किया जाना कहां का औचित्य है। तब एसडीएम साहब इस प्रश्न का जवाब नहीं दे पाये। मैंने कहा कि सीएमओ साहब से पूछ लीजिए कि ये गाडी का किस तरह से उपयोग करते है। इस तमाम पार्षद साथियो ने अपना विरोध प्रकट किया। तब एसडीएम साहब नपा कार्यालय से निरीक्षण किये बिना लौट आये। राणावत ने कहा कि भाजपा पार्षदों का विरोध इस बात का है कि परिषद के 36 पार्षद अपनी बात, अपनी व्यथा, अपनी मांग किसे कहे ? पिछले ढाई वर्षो में नपा अध्यक्षा बमुश्किल 20 दिन भी अपने कक्ष में नहीं बैठी। नगर पालिका में पिछले ढाई वर्षों में स्थायी सीएमओ नहीं है, आरआई नगर पालिका को संचालित कर रहे है। अब बात करे तो किससे करे ? आरआई और अध्यक्षा मनमाने तरीके से एक-एक लाख रूपये के फर्जी बिल बनाकर करोड़ो रूपये का भ्रष्टाचार कर रहे थे। इस पर हम पार्षदो को जवाबदार अधिकारी यह कहते है कि आपका कोई भी काम नहीं होगा जब तक ओपी गेहलोत अपनी सहमति नहीं दे देते तब तक किसी भी पार्षद का कोई भी काम आप नहीं करोगे। इसी बात को लेकर सारे पार्षद लामबंद होकर नगर पालिका कार्यालय अध्यक्ष कक्ष के बाहर जमीन पर बैठकर अपनी बात मीडिया के सामने रखी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेमकुमार सुमन डेढ़ घंटे से अधिक समय तक नपा कार्यालय पर नदारद रहे। हर पार्षद द्वारा फोन लगाने पर उन्होने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अंततः सारे पार्षद आक्रमक होकर सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस बात को लेकर कि नपा अध्यक्ष का जो कार्यालय है उस कार्यालय में अध्यक्षा आसन पर बैठती है तब आम जनता के लिये कार्यालयीन समय 10.30 बजे से 5 बजे तक वह खुला रहे। वरना उस कार्यालय का अनाधिकृत व्यक्ति दुरूपयोग करते है। इसका हमारा विरोध था।

इस संबंध मे पार्षद प्रतिनिधि राणावत ने बताया कि वार्ड नं. 14 के नागरिको के सहयोग से एक जनआंदोलन किया था उस जनआंदोलन को नपा यंत्री निलेश पंचोली व मुख्य नगर पालिका अधिकारी यह आश्वस्त किया था कि आपके वार्ड का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। चूंकि आज तीन माह गुजर चुके है एक भी कार्य आश्वासन के अनुसार नहीं किया गया है। पुरे नगर में कार्य को लेकर नपा की कार्यप्रणाली को लेकर प्रश्नचिन्ह है। चूंकि मैं सत्तापक्ष का पार्षद हूं। जब मेरे जैसे पार्षद की बात नहीं सुनी जायेगा तो विपक्ष के पार्षद का क्या होगा। कल की आकस्मिक वर्षा में नपा की बस स्टैण्ड की पोल खोल दी। कीचड व गंदगी से भरा जवाहर मार्ग जहां पर लोगो का निकलना दूभर हो गया था तब एसडीएम को उस स्थान का अवलोकन करना चाहिये था और नपा महकमे को निर्देशित करना था। लेकिन हमारे एसडीएम औचिक निरीक्षण का बहाना बनाकर औपचारिकता पूरी कर चले गये और यह कहते रहे कि हम नियमो से बंधे है। पुरी नगर पालिका परिषद नियमो को ताक में रखकर संचालित की जा रही है। जबकि नपा परिषद के अधिकांश पार्षद समय-समय पर अपनी बात नगर पालिका कार्यालय पर परिषद की आहूत बैठक में एवं हमारे वरिषद मार्गदर्शक को भी अवगत कराया। अंत में हमारी मजबूरी हो गई और हम आम जनता के हितो के लिये सडको पर उतर गये। यह आंदोलन क्रमबद्ध जारी रहेगा।

### जनता के प्रतिनिधि जमीन पर अधिकारी कुर्सी पर

नपा में पार्षदों के धरना प्रदर्शन के दौरान एक अजीब सा वाक्या देखने को मिला, नपाध्यक्ष कार्यालय के समीप जमीन पर बैठे पार्षदों की बात सुनने आऐ मुनपा अधिकारी श्री सुमन आते ही आलीशान कुर्सी पर बैठ गए। इस दौरान जनता के प्रतिनिधि अपनी समस्याओं को जमीन पर बैठ कर उन्हें बताते रहे। इसी दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि भी पुरे घटनाक्रम के दौरान खडे रहे लेकिन मुनपा अधिकारी ने अपनी कुर्सी नहीं छोडी।

### इन्होंने किया प्रदर्शन

इस अवसर पर नपा कार्यालय के बाहर भाजपा पार्षद शशिकांत मावर, साहिल शर्मा, महेन्द्रसिंह चौहान, सतीश कैथवास, उषा रामू सिसोदिया, पार्षद प्रतिनिधि नरेन्द्र सेंगर, राजेश गगरानी, रामू सिसोदिया, अशोक मावर, फिरोज आजम, कांग्रेस पार्षद संदीप चौधरी, आशिक हुसैन, अब्दुल शरीफ भय्यू कबाडी, राजकुमार राठौर आदि मौजूद थे।

## भाजपा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शेखावत का निधन

**नागदा जं. निप्र।** भाजपा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष, कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत के अनुज श्याम शेखावत का बिमारी के चलते मंगलवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार चंबल तट स्थित मुक्तिधाम पर हुआ। स्व. शेखावत ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी थे एवं शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से



भी जुडे हुए थे। बिरलाग्राम जी-ब्लॉक स्थित निवास स्थान से शाम को निकली अंतिम यात्रा में बडी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के आगेवान तथा व्यापारीगण मौजुद थे।

अंतिम यात्रा में विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड, पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, लालसिंह राणावत, कांग्रेस नेता बाबुलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, श्याम बंसल, पूर्व नपाध्यक्ष गोपाल यादव, अशोक मालवीय, मोतीसिंह शेखावत, भैरूसिंह चौहान, यशपालसिंह कुशवाह, पार्षद विशाल गुर्जर, साहिल शर्मा, रामु सिसौदिया, इंटक के जितेन्द्र रघुवंशी, बीएमएस के जौधसिंह राठौर, संजय मेहता खाचरौद, बद्रीलाल संगीतला, मांगीलाल पाटीदार, रामलाल धाकड, अभय चौपडा, प्रदीप राठी, गोपाल सलुजा, राधे जायसवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रकाश जैन, मुकेश जैन, सुभाष शर्मा, जगमालसिंह राठौर रूपेश गेलडा सहित भाजपा कांग्रेस के पार्षद के अलावा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

**राज्यपाल गहलोत ने जताया शोक-** कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गहलोत ने नागदा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं राजनीतिक कार्यकर्ता श्याम सिंह शेखावत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री गहलोत ने एक शोक संदेश में दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्याम सिंह शेखावत एक श्रेष्ठ सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता थे। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। शोक संदेश में राज्यपाल ने पिता नरपत सिंह शेखावत, भाई पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत और परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करें। यह जानकारी अमनदीपसिंह खालसा ने दी।

## आकाशीय बिजली गिरने से ऊंट की मौत, एक महिला गंभीर घायल





**शाजापुर, निप्र।** जिले में तेज हवा पानी के चलते आकाशीय बिजली गिरने से राजस्थान से ऊंट लकेर आयें चरवाह दल के एक ऊँट की मौत हो गई वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हादसा ऊकावता चौकी के पास कमरदीपुर जंगल में हुआ। अचानक आकाशी बिजली गिरने से मौके पर ही एक ऊंट की मौत हो गई वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया महिला नवी बाई उम्र 35 वर्ष निवासी जिला जालौर राजस्थान की है। परिजन तेजसिंह ने बताया कि वह अपने कबीले के साथ वोट को लेकर आए हैं अचानक आकाशी बिजली गिरने से उनके वोट की मौत हो गई वहीं ऊंट चला रही नवी बाई गंभीर रूप से घायल हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मुकाबला पुलिस पहुंची और महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## जागरूकता के लिए नगर मंडल ने सकोरे बांटे



**नगदा जं. निप्र।** भाजपा के पक्षी बचाओ अभियान के तहत ग्रीष्म काल में विहंगम सुरक्षा के लिए आम जनमानस को अपने आवास एवं प्रतिष्ठान की छत पर पक्षियों के लिए जल रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बुधवार को नगर के मंडल अध्यक्ष विजय पटेल के नेतृत्व में मंडल के पदाधिकारी एवं भाजपा सदस्यों द्वारा महात्मा गांधी मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, ओझा मार्ग, सुभाष मार्ग, थाना चौराहा पर प्रतीकात्मक संदेश के लिए मिट्टी के सकोरे (जलपात्र) वितरित किए गए। नागरिकों से पंछियों के प्राणरक्षा के लिए छत पर पानी रखने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लाल सिंह राणावत, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओम प्रकाश गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, महिला उपाध्यक्ष श्रीमति ऋतु पांडेय, अनिल जोशी, विजय पोरवाल, विनय गुर्जर, दौलत राम प्रजापत, सूरज मकवाना, निलेश मेहता, कमलेश प्रजापत, दीपक जैन, गौरव यादव, विजय सिंह सिसोदिया, चेतन राठौर, जीवन लाल जैन, अमर सोलंकी,अर्जुन पड़िहार, जगदीश बागड़ी, अभिषेक पोरवाल, गोलू डुलगज, जुगन खेरिया,योगेश मीणा आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को कानून के प्रति किया जागरूक

**शाजापुर, निप्र।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा प्रेषित कार्ययोजना के परिपालन में व प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष आनन्द कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम सापंखेडा मे विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में सचिव श्रीमती नमिता बौरासी ने कानून के बारे में जानकारी देते हुए संविधान द्वारा भारत के नागरिकों को प्रदान के किये गये मूल अधिकारों एवं भारीत किए गये मूल कर्तव्यों के बारे में विस्त्रत रूप से जानकारी दी। विधिक सहायता .प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण तथा अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना से अवगत कराते हुए उपस्थित ग्रामीणजन से अपने आस-पास के रहवासीयों के मध्य व्याप्त कानूनी विवाद मध्यस्थता के माध्यम से निराकृत हो, इसके लिए पक्षकारों को प्रोत्साहित करने की, अपेक्षा की तथा इसके अतिरिक्त उपस्थित ग्रामवासियों को पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी देने के साथ सम्पत्ति के क्रय-विक्रय किए जाने पर रजिस्ट्री करवाएं जाने की अनिवार्यता के बारे मे बताया तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का लाभ उठाने एवं विवादो से दूर रहने की समझाईश दी। आगे उन्होंने कहा कि अगामी 13 सिंतबर 2025 को जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालय में लंबित समझौता योग्य मामलों में आपसी राजीनामा कर मामले का निराकरण करवा सकतें है। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त किए जाने संबंधी प्रावधानों एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा मध्यस्थता के लाभो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे आपसी विवादों को सरलता से मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण किया जाकर आपसी सदभाव स्थापित किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह प्रयास है कि समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछडेवर्गो के लिए सभी स्तरों पर विधिक सहायता एवं समर्थन को सुदृढ़ कर सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तहत बुनियादी अधिकारों एवं लाभों तक पहुँच को सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेधद्ध अधिनियम 1994 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में कमल सूर्यवंशी सरपंच, हर्षन्द्र गुप्ता पटवारी, कपिल गुर्जर पीसी ओ अमरसिंह गुर्जर व समस्त ग्रामीणजन सांपखेड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से राकेश वर्मा पैरा-लीगल वालेन्टियर, आशुतोष शर्मा ग्राम पंचायत के सरपंच व बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहकर कानूनी जानाकरी प्राप्त कर लाभान्वित हुए।

## माईक्रोसॉफ्ट के नोएडा ऑफिस पर जानेगें नवीनतम तकनीकों की बारीकियां

**जेआयटी बोरावां के विद्यार्थी एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत**

**पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री अरुण यादव ने दी शुभकामनाएं**



**कसरावद।** ग्राम बोरावां में जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां के बीटेक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत 45 विद्यार्थी माइक्रोसॉफ्ट नोएडा कार्यालय के शैक्षणिक भ्रमण के लिए चयनित हुए हैं। संस्था एवं विद्यार्थियों के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि संस्थान के 45 मेधावी विद्यार्थियों का चयन विश्व की अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के नोएडा स्थित कार्यालय के शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया गया है। यह भ्रमण 16 मई 2025 को संपन्न होगा। इसमें विद्यार्थियों को वैश्विक तकनीकी वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा।

माइक्रोसॉफ्ट का नोएडा कार्यालय, जिसे इंडिया डेवलपमेंट सेंटर (आईडीसी) के रूप में भी जाना जाता है। अपनी अनोखी मुगल वास्तुकला से प्रेरित डिजाइन के लिए प्रसिद्ध है। यह कार्यालय 17वीं शताब्दी की शैली में डिजाइन किया गया है, जिसमें ताजमहल जैसे मेहराब, गुंबद और जालीदार नक्क़ाशी सम्मिलत हैं। यह ऑफिस 90 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है और एक आधुनिक, रचनात्मकता-प्रोत्साहक कार्यक्षेत्र प्रदान करता है। इसमें कैफेटेरिया, व्यायामशाला, और मनोरंजन क्षेत्र जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि यह भारत में माइक्रोसॉफ्ट का तीसरा विकास केंद्र है, जहाँ क्लाउड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एंटरप्राइज सॉल्यूशन, और गेमिंग जैसे डिजिटल अनुसंधान पर कार्य किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध कंपनी में एक दिवसीय भ्रमण के माध्यम से संस्थान के विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि भविष्य में प्रतिष्ठित कंपनियों में उपलब्ध होने वाले अवसरों को प्राप्त करने एवं उनके साथ कार्य करने हेतु पूर्व तैयारी के अंतर्गत अद्वितीय अनुभव के साक्षी बनेंगें। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी नितिन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरे के लिए बी.टेक. प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के 45 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट वर्क कल्चर, टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन और इंडस्ट्री-एकेडमिया के बीच के अंतर को समझने का अवसर प्रदान करना है। पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री अरूण यादव ने विद्यार्थियों को प्रेषित अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह दौरा विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है। जो उन्हें उच्च तकनीकी मानकों और वैश्विक कंपनियों की कार्यप्रणाली को समझने में सहायक होगा। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय, डीन एकेडमिक डॉ. सुनील सुगंधी ने चयनित सभी 45 विद्यार्थियों को माइक्रोसॉफ्ट के एक दिवसीय भ्रमण के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भीम जन्मभूमि पर बुद्ध के जन्म, ज्ञान, प्राप्ति एवं महापरिनिर्वाण की पूर्णिमा मनाई गई !

इंदौर आज डॉ बाबा साहेब आम्बेडकर मेमोरियल सोसायटी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार त्रिगणी बेशख़ी पूर्णिमा मनाई गई सोसायटी के अध्यक्ष भदन्त धम्मदीप सचिव राजेश वानखेड़े ने बताया कि आज भीम जन्मभूमि स्मारक के अंदर सुबह से बाबा साहेब के जन्मस्थान पर बुद्ध की प्रतिमा रखी गई जिस पर दर्शनार्थियों ने माल्यार्पण पुष्प अर्पित किए स्मारक परिसर में बड़ी बुद्ध की प्रतिमा मुख्य आयोजन किया गया प्रतिमा को फूलो से सजाया गया उपासको ने मोमबत्ती जलकर नमन किया भदन्त विभूति जी के साथ आये छोटे छोटे भिक्षु आकर्षण का केंद्र थे इन्ही भंतों ने बुद्ध वंदन की और विश्व शांति के लिए मंगल कामनायें की !

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप भदन्त विभूति वंश समाज सेविका नलनी शेगांवकर अशोक गजभिए सोसायटी के उपाध्यक्ष अरुण इंगले आकाश मेशराम नानेश तायड़े योगेन्द्र गवान्दे उपस्थित थे !

भदन्त विभूति ने अपने प्रबोधन में बताया कि आज बुद्ध पूर्णिमा त्रिगुण पावन पर्व तथागत भगवान सम्यक संबुद्ध की जन्म जयंती आज ही के दिन तथागत को ज्ञान प्राप्ति हुई इसी दिन बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था इसलिए इसे त्रिगुणी पूर्णिमा कहा जाता है के अवसर पर आपको



बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएँ।

भगवान बुद्ध ने दुख के बारे में अपने चार आर्य सत्य में विस्तार से बताया है। ये उनके उपदेशों का मूल आधार हैंः.दुःख सत्य है संसार में जन्म, बुढ़ापा, रोग, मृत्यु, वियोग, इच्छाओं की पूर्ति न होना, आदि सभी दुख का कारण हैं। दुःख का कारण तृष्णा (इच्छा या वासना) है। हमारी अपूर्ण इच्छाएँ और लालसाएँ हमें दुःख देती हैं। दुःख निरोध यदि तृष्णा को समाप्त कर दिया जाए तो दुःख भी समाप्त हो सकता है। दुःख निरोध गामिनी प्रतिपदा दुख से मुक्ति पाने का मार्ग अष्टांगिक मार्ग है, जिसमें सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कर्म, सम्यक आजीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि शामिल हैं।

भगवान बुद्ध का मानना था कि दुःख से मुक्ति केवल आत्मज्ञान और मध्य मार्ग अपनाने से ही संभव है वरिष्ठ समाज सेविका नलनी शेगांवकर ने जन्मभूमि के निर्माण पर शुरुआती दिनों के संघर्षों पर प्रकाश डाला ! प्रोबोधन के उपरांत स्मारक पर आये सभी उपसको और दर्शनार्थियों ने ! खीर का प्रसाद ग्रहण किया ! आयोजन में मुख्य रूप से प्रकाश सखारे एस डी तायड़े संदीप कलमे पदमसिह कोडिनेटर सुखदेव डावर उपस्थित थे आयोजन का संचालन कोषाध्यक्ष विनोद मेघवाल ने किया और आभार सोसायटी सदस्य दिनेश सोनोने ने माना !

## डॉ. वैभव जैन को नीदरलैंड्स में आयोजित एक विशेष अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एग्रोहोम्योपैथी विषय पर संबोधन हेतु आमंत्रित

इंदौर। होम्योपैथी जहाँ वर्षों से मानव रोगों के उपचार में अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर चुकी है, वहीं अब पौधों की बीमारियों के इलाज और खेती में इसके सफल प्रयोग ने एक नई क्रांति की शुरुआत की है।



डॉ. वैभव जैन, जिन्होंने विगत 9 वर्षों से एग्रोहोम्योपैथी के क्षेत्र में गहन शोध किया है, ने यह प्रमाणित किया है कि होम्योपैथिक दवाइयाँ पौधों की वृद्धि, रोग प्रतिरोधक क्षमता, और उत्पादन बढ़ाने में अत्यंत कारगर और सुरक्षित हैं। किसानों को रसायन मुक्त खेती की ओर प्रेरित करते हुए, उन्होंने अनेक सफल प्रयोग किए हैं- जहाँ फसलें न केवल स्वस्थ रहीं, बल्कि पूरी तरह जैविक भी रहीं। इस अनूठे कार्य के लिए डॉ. जैन को नेदरलैंड्स के यूट्रेख्ट शहर में आयोजित होने वाले विश्व होम्योपैथी सम्मेलन में विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अंतरराष्टीय सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के होम्योपैथिक चिकित्सक भाग लेंगे .

## दिव्य प्रजापत को 12वी सी.बी.एस.ई. में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त

इन्दौर। दिव्य प्रजापत पिता जितेन्द्र कुमार प्रजापत निवासी 174, छत्रपति नगर, इन्दौर को कक्षा 12वी सी.बी.एस.ई. में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। दिव्य प्रजापत श्री वैष्णव ऐकेडमी राजमोहल्ला, इन्दौर में अध्ययनरत होकर दिव्य द्वारा स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दिव्य प्रजापत को स्कूल में प्रथम स्थान पर प्राप्त करने पर स्कूल द्वारा बधाई गई। दिव्य प्रजापत द्वारा प्रजापत समाज का नाम रौशन किया है जिससे समाज में खुशी की लहर व्याप्त है। उक्त जानकारी आबू-मारू प्रजापत समाज के अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल परमार ने दी।



## यथार्थ ने 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान

इंदौर समाचार प्रतिनिधि! यथार्थ वर्मा ने सी.बी.एस.ई. दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यथार्थ ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता राजीव वर्मा और सरिता वर्मा, साथ ही अपनी स्कूल और कोचिंग संस्थान अनएकेडमी को दिया। इस अवसर पर रविकांत वर्मा, सीमा वर्मा, अनुराग वर्मा, वेदिका वर्मा सहित समस्त परिवार ने यथार्थ को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शिक्षित बेरोजगारो को मिलेगा 50 हजार से 50 लाख तक का सरकारी लोन


इन्दौर। मुख्य मंत्री उद्यमी क्रांति योजना के तहत शिक्षित बेरोजगारो को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 50 हजार से 50 लाख तक का सरकारी ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए सरकार ने इंदौर सहित अन्य जिला व्यापार उद्योग केंद्रों को इस वित्तीय वर्ष का कोटा जारी कर दिया है। इस साल सरकार 480 युवाओ को यह सरकारी लोन अनुबंधित बैंकों के माध्यम से वितरित करेगी। जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महा प्रबन्धक एसएस मण्डलोई के अनुसार सरकार ने इस बार मुख्यमन्त्री उद्यमी क्रांति योजना का लक्ष्य पिछली साल की अपेक्षा बढ़ा दिया है । पिछले साल 300 युवाओ को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य था मगर इस साल बढ़ाते हुए 480 कर दिया है। ज्ञात हो कि पिछले साल 300 का लक्ष्य होने के बावजूद 500 से ज्यादा युवाओं को इस योजना के अंतर्गत लोन दिया गया था।

## समाजसेवा के क्षेत्र में निरतंर उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए रेहान अंसारी हुए सम्मानित



इंदौर। सामाजिक संस्था अरमान द्वारा कप्तान हाउस नायता मूंडला पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला हज कमेटी के जिला उपाध्यक्ष रेहान अंसारी को सम्मान से नवाजा गया। आयोजक हैदर पटेल कप्तान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी हाजी हनीफ पटेल गोल्ड थे। अध्यक्षता समाजसेवी कुदरत पटेल पहलवान ने की। अतिथियों ने जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष रेहान अंसारी का साफा व मोती की माला पहनाकर सम्मानित किया। हाजी हनीफ पटेल गोल्ड ने कहा वर्षो से मानव जीवन को सुरक्षित रखने, जनहित एवं समाज कल्याण की दिशा में निरतंर किये जा रहे कार्यों के लिए रेहान अंसारी को सम्मानित किया गया। सम्मान के प्रतिउत्तर में रेहान अंसारी ने कहा किसी भी समाज के विकास के लिए समाज को शिक्षित करना और युवाओं को हुनर व कौशल में पारंगत करना ज़रूरी है। उन्होंने कहा समाज की जाजम पर एक दूसरे के सहयोग से बड़े से बड़े काम किए जा सकते हैं

## पोरवाल सहकारी साख संस्था के चुनाव सम्पन्न



इन्दौर निर्विरोध सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए पोरवाल सहकारी साख संस्था के चुनाव में अध्यक्ष पद पर श्रीमती कमल सुरेशचंद्र घरिया, उपाध्यक्ष संतोष मेहता, मोहन धनोतिया, बैंक अधिकारी पद पर दिलीप मीठा, डॉ. प्रियंका अजय गुप्ता को चुना गया। वहीं कार्यकारिणी हेतु अरविंद शांति कुमार पोरवाल, श्रीराम रामलाल पोरवाल, बलराम गुप्ता तथा गोविंद गुप्ता चुनें गए।



## शास्त्र और शस्त्र का ज्ञान कभी विजय

इंदौर। जिसके पास शास्त्र और शस्त्र का ज्ञान है, उसे कभी भी कोई विजय होने से नहीं रोक सकता है। इंसान को कभी धन और बल पर घमंड नहीं करना चाहिए। क्योंकि घमंड से बने बनाए काम बिगड़ जाते हैं, और विवेक से किया कार्य सिद्धि को प्राप्त करता है।

यह उदगार सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित राहुलकृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। श्री शास्त्री ने भागवत तिवारी परिवार द्वारा सुख-शांति और मंगल कामना के लिए आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कहा कि शास्त्री ने कथा के माध्यम से मंगलमय आचरण, तीर्थ में वास, महापुरुषों का संग और शास्त्रों के श्रवण के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान का आश्रय लेने से कर्म की गांठ को काटा जा सकता है और श्रीमद्भागवत कथा मुक्ति का मार्ग दिखाती है। आचार्य पंडित जी की प्रार्थना है कि संसार में सुख-शांति बनी रहे और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव का समाधान हो। कथा 16 मई तक चलेगी।श्री शास्त्री ने कहा कि ज्ञानगंगा का रसपान कराते हुए कही। परिवार की खुशियों के लिए लोग दिन-रात मेहनत करते हैं। अच्छे और गलत तरीके से संपत्ति अर्जित करते हैं। लेकिन जब बुरा वक्त आते है तो अपने भी साथ छोड़कर चले जाते हैं। इसलिए परिवार की खुशियों का ध्यान रखने के साथ-साथ परमात्मा का ध्यान करना भी जरूरी है। क्योंकि बुरा वक्त भगवान श्रीहरि की कृपा से ही कटता है। आपने कहा कि लोग भगवान की शरण में आसानी से नहीं आते। मुसीबत आने पर पहले वह अपने .स्तर पर मुसीबत दूर करने का प्रयास करता है, लेकिन वह यह भूल जाता है कि जो कुछ भी हो रहा है, वह सब गिरधारी की इच्छा से हो रहा है। देवेन्द्र कुमार तिवारी, श्रीमति आशा तिवारी, अनिल ओझा, रूपश्री ओझा, सुशील मिश्रा, रक्षा मिश्रा विजय मिश्रा, स्वाति मिश्रा कोशल किशोर द्विवेदी, श्रध्दा द्विवेदी ने व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

## नवलखा नेमावर रोड़ व्यापारी संघ का तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

इन्दौर (नवीन मौर्य) । मंगलवार को नवलखा से तीन ईमली चौराहे तक निकली अंबे माता की शोभायात्रा में मातृशक्तियों का जनसमुदाय उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों ने जहां शक्ति की भक्ति में भजनों की प्रस्तुति दी तो वहीं युवतियों ने भी इस शोभायात्रा व कलश यात्रा में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। 2 किमी की इस यात्रा में 30 से अधिक मंच लगाए गए थे ।



नवलखा नेमावर रोड़ व्यापारी संघ एवं पार्षद मनीष शर्मा (मामा) के नेतृत्व में आयोजित इस शोभायात्रा की कमान महिलाओं के हाथों में ही सौंपी गई थी। यात्रा में आम नागरिकों व वाहन चालकों को परेशानी न हो इसका भी कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष ध्यान रखा गया था। नवलखा से तीन ईमली चौराहे तक आयोजित शोभायात्रा में मातृशक्तियां न सिर्फ कतारबद्ध चली बल्कि उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्राओं को अनुशासन का पालन करने की सीख भी दी। नवलखा से प्रारंभ अंबे माता की शोभायात्रा में बैंड़-बाजे, डीजे, घोड़े-बग्घियों के साथ ही माता रानी का स्वरूप भी था। यात्रा में राधा-कृष्ण की वेशभूषा में शामिल कलाकारों ने अपने नृत्य से उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यात्रा के दौरान मातृशक्तियों से जल व पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। नवलखा नेमावर रोड़ व्यापारी संघ एवं एमआईसी सदस्य एवं पार्षद मनीष शर्मा (मामा) ने बताया कि तीन ईमली चौराहे पर नवनिर्मित मंदिर में जारी तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आज अंतिम दिन था। सुबह जहां विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य में अंबे माता को विधि-विधान पूर्वक गर्भगृह में विराजित किया तो वहीं शाम को समापन अवसर पर भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गर्भगृह में विराजित मां के दर्शनों के लिए भक्तों में होड़ सी मची रही।

## कर्नल सोफ़िया कुरैशी को लेकर बेहद अपमानजनक टिप्पणी करने पर मंत्री विजय शाह पर कार्रवाई की मांग

इंदौर। भारत की जांबाज बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा अपमानजनक व अमर्यादित टिप्पणी करने पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता शाहबाज आलम क़ुरैशी ने उनकी घोर निंदा की है।

कांग्रेस प्रवक्ता शाहबाज़ आलम क़ुरैशी ने कहा भाजपा मंत्री विजय शाह ने अभद्र टिप्पणी से महिला शक्ति व भारतीय सेना के अपमान का घृणित पाप किया है। कांग्रेस प्रवक्ता शाहबाज़ आलम ने कहा एक ऐसे वक्त में जब सारा राष्ट्र एकजुट होकर आतंकवादियों और उनके सरपरस्त पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है, उसकी निंदा कर रहा है, उस समय भारतीय जनता पार्टी के मंत्री का यह बयान उनकी घृणित, विभाजनकारी, सांप्रदायिक और निम्नस्तरीय गन्दी सोच को दर्शाता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहिए कि वो अपने पर्ची वाले मुख्यमंत्री मोहन यादव को तत्काल निर्देशित कर, इस घटिया सोच वाले मंत्री का इस्तीफा तुरंत लें। यदि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ऐसा नहीं करता है, तो यह माना जाएगा कि ऐसे बयानों में उसकी भी परोक्ष रज़ामंदी है और ऐसे नेताओं को उसका पूर्ण संरक्षण भी प्राप्त है।

## समग्र आईडी का आधार से ईकेवायसी कराने वालों को ही मिलेगा शासकीय योजना का लाभ

इंदौर। शासन के निर्देशानुसार व्यवस्था लागू की गई है कि समग्र आईडी का आधार से ईकेवायसी कराने वाले नागरिकों को ही शासकीय योजनाओं/सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। समग्र आईडी की ईकेवायसी नहीं कराने वाले नागरिकों को किसी भी शासकीय योजनाओं/सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। समग्र से आधार ई केवायसी का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में ?पिछले एक सप्ताह में 39 हजार 444 हितग्राहियों के समग्र आईडी की ईकेवायसी की गई है।

बताया गया कि जिले में 67 लाख 95 हजार 843 समग्र आईडी बनी हुई है। इनका ईकेवायसी के माध्यम से सत्यापन होना है। यह सत्यापन आधार कार्ड के माध्यम से ईकेवायसी के द्वारा हो रहा है। अभी तक 21 लाख 90 हजार 524 समग्र आईडी सत्यापित की जा चुकी है। इंदौर नगर निगम क्षेत्र में 53 लाख 40 हजार 148 समग्र आईडी में से 14 लाख 7 हजार 13 समग्र आईडी सत्यापित हो चुकी है। इसी तरह नगर परिषद क्षेत्रों में 3 लाख 36 हजार 448 समग्र आईडी में से एक लाख 45 हजार 244 समग्र आईडी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 11 लाख 19 हजार 247 समग्र आईडी में से 6 लाख 38 हजार 267 समग्र आईडी का सत्यापन किया जा चुका है।

निःशुल्क होगी ईकेवायसी

ईकेवायसी का कार्य सभी कॉमन सर्विस सेंटर और एमपी ऑनलाइन केंद्र पर किया जा रहा है। यह सुविधा निःशुल्क है। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वह अपनी समग्र आईडी का आधार से ईकेवायसी जरूर करवा लें। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की समग्र आईडी की ई केवाईसी के लिए चलाए जा रहे अभियान को और अधिक गति प्रदान कर अधिक से अधिक नागरिकों की ईकेवायसी करवाये। नागरिकों को प्रेरित करें कि वे ईकेवायसी जरूर करवाये। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरते।

## शाक्यवार कोरी समाज समिति द्वारा बुद्ध जयंती मनाई गई



इन्दौर। त्रिगुणा वैशाख पूर्णिमा अर्थात बुद्ध जयंती के अवसर पर तथागत बुद्ध पर प्रतिपादित नीति नियमों को अनुकरण करते हुए शाक्यवार कोरी समाज समिति स्थित समाज शाक्कार धर्मशाला परदेशीपुरा इन्दौर पर बुद्ध जयंती मनाई गई ।राष्ट्रीय सुरक्षा के ध्यान में रखते हुए शासन प्रशासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का संचालन किया गया । मुख्य अतिथि सुन्दर लाल कप्तान एवं विशेष अतिथि मौर्य पार्षद एवं अध्यक्षता समाज अध्यक्ष देवीशंकर कोटिया की उपस्थित में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध जी की प्रतिमा पर उपस्थित सभी समाज बन्धुओं ने पुष्प अर्पित किए । इस अवसर महिला अध्यक्ष कुसुम कोटिया सहित सभी महिला पदाधिकारियों ने भी बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया । इस आयोजन में उपस्थित समाज सेवी भी थे जिसमें मुख्य रूप से आर .सी भस्नइया कैलाश चौधरी हीरालाल वर्मा पत्रकार दिनेश वर्मा ईश्वर लाल सनोटिया अशोक वर्मा हेमराज वर्मा हंसराज वर्मा ओमप्रकाश धीमान नवीन चौधरी महेश वर्मा आर सी शाक्य गेंदालाल बंधुओ का हीरालाल कोषाध्यक्ष ने दुपट्टा पहना कर स्वागत किया ।संचालन दिनेश सनो टिया एवं आभार व्यक्त किया ।

**स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू**

## 10 स्थानों की देना होगा प्राथमिकता

इन्दौर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025-26 के स्वैच्छिक तबादलों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। नियमित अधिकारी और कर्मचारी 14 से 19 मई के बीच ई-एचआरएमआईएस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। स्वास्थ्य आयुक्त की तरफ से जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक आवेदक को 10 स्थानों की प्राथमिकता देनी होगी। एक बार में केवल एक आवेदन ही स्वीकार होगा और उसमें संशोधन की अनुमति नहीं होगी। 20 मई तक सभी दस्तावेजों और आवेदनों का सत्यापन कर लिया जाएगा। इसके बाद तबादला आदेश आयुक्त के डिजिटल हस्ताक्षर के साथ पोर्टल पर जारी किए जाएंगे ।फिलहाल जिला स्तर पर तबादले ऑफलाइन किए जाएंगे, लेकिन संबंधित अधिकारी को उसे 7 कार्यदिवस के भीतर पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य होगा। गलत या अधूरी जानकारी देने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। ऑफलाइन आवेदन या किसी अधिकारी से व्यक्तिगत संपर्क करने पर आवेदन निरस्त कर दिया

## अधिक उम्र के अविवाहित, विधवा, विधुर, तलाकशुदा और दिव्यांगों के लिए परिचय सम्मेलन 1 जून को

इन्दौर अधिक उम्र के अविवाहित, तलाकशुदा, विधवा, विधुर, एवं दिव्यांग प्रत्याशियों का अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 1 जून को म.प्र. वैश्य महासभा द्वारा इंदौर के रवीन्द्र नाट्य गृह में किया जा रहा है। इसके लिए अब तक 375 प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। जिनमें से 355 प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनकी आयु 37 वर्ष से अधिक हो चुकी है। ये सभी इस सम्मेलन में देशभर से आने वाले प्रत्याशियों में से जीवनसाथी की तलाश करेंगे। सम्मेलन में अग्रवाल, माहेश्वरी, जैन, खंडेलवाल, मोढ़, नागर चित्तौड़ा, विजयवर्गीय, नीमा, पोरवाल, गहोई वैश्य सहित करीब 25 समाजों के प्रत्याशी शामिल होंगे। देश के 200 से अधिक केंद्रों पर इस परिचय सम्मेलन के प्रविष्टि पत्र उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इंदौर में होने वाले इस परिचय सम्मेलन के लिए मप्र, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तरप्रदेश सहित देश के हिंदी भाषी 12 राज्यों के अलावा विदेश में कार्यरत प्रत्याशियों से भी प्रविष्टियां प्राप्त हो रही हैं। देशभर में स्थापित 200 से अधिक केंद्रों पर इस सम्मेलन के प्रविष्टि फॉर्म निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सभी प्रत्याशियों एवं पालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी प्रविष्टियां 15 मई तक वाट्सअप नंबर 9303121286 एवं 9171242271 पर अथवा 1aishyaparina4 एप पर भी भेज सकते हैं।

## राजकुमार दुबे ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त



इन्दौर ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन गाजियाबाद, नईदिल्ली का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12 -13 मई 2025 को चैन्नई में संपन्न हुआ। जिसमें वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन भोपाल मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे को सर्व -सम्मति से ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त गया । फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव सचिव शालिक मालिककर द्वारा राजकुमार दुबे का नाम प्रस्तावित किया गया। जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया। राजकुमार दुबे जी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के समस्त प्रांतीय, संभागीय, जिला , तहसील , ब्लाक के पदाधिकारियों तथा समस्त सदस्यों ने श्री राजकुमार दुबे जी को बधाई व शुभकामना संदेश प्रेषित किये हैं।

## भव्य शौर्य यात्रा की बैठक संपन्न

**रतलाम।** श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति रतलाम द्वारा हिंदू वीर शिरोमणी श्री महाराणा प्रताप जी के 485 वें जन्मोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में 29 मई गुरुवार ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया को सायं 4 बजे महलवाड़ा से निकलने वाली भव्य शौर्य यात्रा की रूपरेखा तय करने एवं शोर्य यात्रा को भव्य विराट बनाने हेतु बैठक 15 मई गुरुवार को सायं 7 बजे से श्री महाराणा प्रताप सभागृह श्री राजपुत धर्मशाला रतलाम पर रखी गई है। जिसमे श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति ने एवं समस्त राजपुत संगठन की बैठक संपन्न हुई।

## आपरेशन सिंदुर की पेंटिग को महापौर प्रहलाद पटेल ने सराहा




**रतलाम।** वार्ड 16 में बनाई गई ऑपरेशन सिंदूर पेंटिंग की महापौर प्रहलाद पटेल ने सराहना कर भारतीय सेना की वीरगाथा से उपस्थितों को अवगत कराया, भारत माता की जय के नारे लगाये तथा शहीदों को श्रृद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनिट का मौन रखा। वार्ड क्रमांक 16 में भारत-पाक तनाव के बीच भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को दीवारों पर पेंटिग के माध्यम से उकेरा है यह नया भारत है, घर में घुसकर मारता है.... के स्लोगन के साथ मिसाईल से हमला, भारतीय सेना द्वारा आंतकवादियों को खदेड़ते हुए बनाई गई पेंटिग को महापौर प्रहलाद पटेल ने भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, क्षेत्रिय पार्षद रणजीत टांक व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ देखा व सराहा। इस अवसर पर प्रहलाद राठौड़, वार्ड संयोजक आकाश खड़के, गोरक्षा प्रमुख शीतल चौहान, गोपाल गौशाला कॉलोनी अध्यक्ष नरेश सकलेचा, शुभम स्कूल प्राचार्य रेखा त्रिवेदी के अलावा ओमप्रकाश देवड़ा, दीपक पटेल, प्रवीण आटे, राम मोटिया, राजेश टांक सहित मातृशक्ति और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गुरुवार को निकलेगी तिरंगा रैली, राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच ने की जन सहभागिता की अपील

**रतलाम।** राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा मंच के तत्वाधान मे 15 मई को देश के वीर सैनिकों का आत्मबल बढ़ाने के लिए महल वाडा से विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी। मंच ने नगर के सभी समाजों, संस्थाओं एवं संगठनों से रैली मे अधिक से अधिक जन सहभागिता की अपील की है। रैली संयोजक पूर्व महापौर शेलेन्द्र डागा ने बताया कि 15 मई को शाम 05.30 बजे तिरंगा रैली महलवाडा से आरंभ होकर पैलेस रोड़, डालू मोदी बाजार, गणेश देवरी, बजाज खाना, तोपखाना, चांदनी चौक, चौमुखीपुल होते हुए घास बाजार पर भारत माता की आरती के साथ सम्पन्न होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय , रैली सहसंयोजक निर्मल कटारिया एवं विप्लव जैन ने शहर वासियों से रैली में अधिक से अधिक उपस्थित होकर देश भक्ति का परिचय देने का आह्वान किया है।

## शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए

**रतलाम।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में शिक्षकों के स्वत्वों से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए 19 मई से 30 मई तक समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर के माध्यम से शिक्षकों की समस्याएं जैसे क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, सेवा अभिलेखों का अद्यतनीकरण, पेंशनर व अन्य लंबित स्वत्वों का निराकरण, लंबित अभ्यावेदनों का निराकरण, आगामी तीन वर्शों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के वेतन निर्धारण का कोश एवं लेखा द्वारा परीक्षण किया जाकर वसूली योग्य प्रकरणों में सेवा के पूर्व वसूली का निर्धारण शिविर के माध्यम से किया जाएगा।

## बैंकों के सहयोग से तहसील स्तर पर कम से कम तीन आधार केन्द्र खोले जाएं - कलेक्टर



**रतलाम।** जिले में आधार सम्बन्धित कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गठित आधार निगरानी समिति की बैठक आज कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने जिले में आधार संबंधित कार्यों को सुचारू रुप से संचालित करने के लिए सभी स्टेक होल्डर, बैंक, पोस्ट ऑफिस, महिला एवं बाल विकास आदि को निर्देशित किया कि नए आधार सेण्टर खोलने एवं संचालित आधार सेंटरों में प्रतिदिन अधिक से अधिक आधार सम्बन्धित काम करवाएं और सतत् मानिटरिंग करें। जिले तथा राज्य स्तर पर आधार सम्बंधित समस्याओ के समाधान हेतु ग्राहक सहायता केंद्र, हेल्पलाइन नम्बर की स्थापना करने हेतु ढ्ढष्ढ्ढ को अनुरोध करें। बैठक में एलडीएम को निर्देशित किया गया कि आधार अद्यतन केन्द्रों की संख्या बढाने के लिए हर तहसील मुख्यालय पर बैंकों के सहयोग से कम से कम तीन आधार केन्द्र खुलवाएं। प्रशिक्षण सेन्टर चालू करवाने के लिए शासन को मांग पत्र भेजा जाए। पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन एवं अपडेट करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाडी कार्यकर्ता, पोस्ट आफिस से समन्वय कर छूटे हुए बच्चों के पंजीयन की कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, अधीक्षक पोस्ट ऑफिस, लिड डिस्ट्रिक्ट मेनेजर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन, जिला ई- गवर्नेंस प्रबंधक एवं ढ्ढष्ढ्ढ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री शाह के खिलाफ प्रदर्शन, पुतला फूंका

## कांग्रेसी बोले- भारत की बेटी का अपमान बर्दाश्त नहीं, यहां आए तो कालिख पोतेंगे

**रतलाम।**

मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर युवा कांग्रेस ने आज (बुधवार) जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कोर्ट चौराहा पर प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के पोस्टर पर पैर रखकर जूते मारे और उनका पुतला जलाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि विजय शाह रतलाम आते हैं, तो उन्हें शहर में घुसने नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मंत्री के चेहरे पर कालिख पोती जाएगी और काले झंडे दिखाए जाएंगे।

### शर्मनाक बयान, तुरंत इस्तीफा लें

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का बयान बेहद शर्मनाक है। उन्होंने हमारी बहन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मयंक ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से मांग की कि विजय शाह से तत्काल इस्तीफा लिया जाए। उन्होंने कहा, अगर वह रतलाम आते हैं तो हमारा विरोध झेलने के लिए



तैयार रहें।

इधर, प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी ने कहा, सोफिया कुरैशी भारत की बेटी हैं और उन्होंने देश का नेतृत्व किया है। विजय शाह ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। हम प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि ऐसे मंत्री को बर्खास्त किया जाए। अगर वह रतलाम आए तो हम उनका मुंह काला करेंगे।

### पुलिस रही तैनात, फायर ब्रिगेड भी मौके पर

प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में शहर के चार थानों के थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड को भी सतर्क रखा गया। जैसे ही कार्यकर्ता पुतला लेकर पहुंचे, पुलिस ने उसे जलाने से रोकने की कोशिश की। फायर एग्जिट से आग बुझाने का प्रयास किया गया, फिर भी आधा पुतला जल गया।

### इधर, एडवोकेट ने एफआईआर कराने की मांग की

मंत्री के विवादित बयान को लेकर रतलाम के वकील अमित पांचाल ने स्टेशन रोड थाने में शिकायती आवेदन दिया। अमित ने आरोप लगाया कि मंत्री शाह ने अपने बयान के जरिए एक विशेष धर्म की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उनके कथन भारत की सम्प्रभुता, एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले हैं। साथ ही उन्होंने भारतीय सेना के सैनिक, नौसैनिक या वायुसैनिक को उनकी निष्ठा और कर्तव्य से विचलित करने का प्रयास किया है।

# ऑटो-बाइक की टक्कर, होमगार्ड की मौत, एक घायल

**रतलाम।**

मंगलवार रात सागोद रोड पर ऑटो व बाइक की टक्कर में एक होमगार्ड सैनिक की मौत हो गई। एक अन्य सैनिक घायल हो गया। दोनों बाजना की तरफ से मन्नत कार्यक्रम में शामिल होकर रतलाम लौट रहे थे।

हादसे में होमगार्ड सैनिक मांगीलाल (40) पिता बालाराम निवासी राजश्वरी कॉलोनी (होमगार्ड कॉलोनी) की मौत हो गई। एक अन्य सैनिक राजेश पिता सबरीराम खाती घायल हो गया। दोनों अपने एक अन्य होमगार्ड साथी सैनिक मानसिंह के लड़के मन्नत के कार्यक्रम में बाजना के ठिकरिया गांव गए थे। मंगलवार रात रतलाम लौट रहे थे। रतलाम शहर के सागोद रोड



पर बाजना बस स्टैंड की तरफ से आ रहे ई-रिक्शा से रात करीब 10 बजे उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन के साथ मौके से फरार हो गया।

घटना में मौके पर ही सैनिक मांगीलाल की मौत हो गई। जबकि दूसरा सैनिक राजेश खाती घायल होने पर प्राइवेट घटनास्थल के पास स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया। मृतक सैनिक मांगीलाल का बुधवार सुबह पीएम हुआ। मांगीलाल सिविल (सादी) ड्रेस में जबकि घायल सैनिक वर्दी में था।

### मांगीलाल की बाइक थी

थाना डीडी नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक मृतक मांगीलाल की थी। यह बाइक के पीछे बैठे थे। जबकि बाइक राजेश चला रहा था। दुर्घटना की सूचना पर पास में ही डीडी नगर थाने के सब इंस्पेक्टर देवीलाल पाटीदार, एएसआई मुरली मकवाना आदि पहुंचे। दोनों घायलों को पास में ही स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मांगीलाल को मृत घोषित कर दिया। रात में ही शव मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घायल सैनिक राजेश प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट है।

डीडी नगर थाना पुलिस के एएसआई मुरली मकवाना ने बताया कि जिस वाहन से टक्कर हुई है उसकी तलाश की जा रही है। दोनों सैनिक मन्नत के कार्यक्रम से लौट रहे थे। जिसमें से एक की मौत हो गई। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

## 40 भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी सम्मानित हुए



**रतलाम।** रेलवे खेल मैदान पर संपन्न हुई दो दिवसीय आमंत्रित डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा के समापन पर प्रदेश के एवं जिले के 40 भूतपूर्व वॉलीबॉल खिलाडियों को एवं सहयोगियों को सम्मानित किया गया।मध्य प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश व्यास के बताया कि यह सम्मान स्वर्गीय सुरेश सिंह भदोरिया सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल की स्मृति में भगतसिंह भदोरिया संयोजक जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ की ओर से महापौर प्रहलाद पटेल के द्वारा सम्मानित किया गया।अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बांल केभू पू खिलाड़ी एवं सेवानिवृत्ति रेलकर्मी रत्नाकर मेढें महू जो महू से इस प्रतियोगिता में सम्मान के लिए मोटरसाइकिल से आए थे उन्हें सम्मानित किया गया,साथ ही सुरेंद्रपाल सिंह,आरिफ अंसारी, छोटेलाल उज्जैन,मोहम्मद फाईक भांया, शाहिद भाई कोटा, निखिल शर्मा, कल्लू भाई नागदा, कैलाश शेरी, सुभाष व्यास, ओमप्रकाश गांधी, अशोक गोयल, राजू, विष्णुप्रसाद दुबे, मोहम्मद इलियास, आजम खान, सुरेश चंद्र व्यास, कमलजीत सिंह,जगदीश पनौला रतलाम, लोकेंद्रसिंह डोडिया पिपलोदा,उमाशंकर शर्मा धामनोद,रामचंद्र चौहान, कृष्णासिंह राठौड़,मानवेंद्र सिंह,अनीश खान शिवगढ़, अयूब भाई हरसोल, रोहितसिंह महासचिव मध्य प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ, यू एल भाटी, सालार हुसैन बादशाह, अजीज, जहीर खान, नासिर हुसैन,मोइनुद्दीन खान,याकूब मंसूरी जावरा, प्रकाश व्यास, शाहनवाज़उद्दीन कुरेशी, भगतसिंह भदोरिया, लक्ष्मण पाठक कॉमेंटेटर सभी को मोमेंटो एवं शांल तथा माला पहनकर सम्मानित किया।

## उज्जैन लोकायुक्त की कार्रवाई-पटवारी को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए किया ट्रैप,सीमांकन पंचनामा देने के नाम पर मांगी रिश्वत



**रतलाम।** जिले के ताल में मंगलवार को उज्जैन लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते रहेंगे पकड़ा है। पटवारी ने सीमांकन पंचनामा देने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। जानकारी के अनुसार आवेदक किशन लाल आँजना निवासी ग्राम कोट कराडिया़ तहसील ताल जिला रतलाम द्वारा एसपी लोकायुक्त उज्जैन अनिल विश्वकर्मा को शिकायत आवेदन पत्र देकर शिकायत की थी कि पटवारी द्वारा सीमांकन पंचनामा नहीं दिया जा रहा है। पंचनामा देने क़े लिए पटवारी द्वारा 5 हज़ार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत का सत्यापन एसपी लोकायुक्त उज्जैन के द्वारा करवाया गया शिकायत सत्य पाई गई। आज पटवारी प्रभु कुमार गरवाल पटवारी हल्का 24 तहसील ताल जिला रतलाम को पुरानी तहसील कार्यालय में 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया है। कार्यवाही जारी है। टीम में लोकायुक्त डीएसपी राजेश पाठक, हिंना डाबर इंस्पेक्टर, हितेश लालवात, श्याम शर्मा, शिवकुमार शर्मा, संदीप कदम शामिल हैं।

## गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें : कलेक्टर

# जिला गोपालन एवं पशु संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न

**रतलाम।**

निराश्रित गोवंश के पालन के लिए जिले में संचालित गौशालाओं के सुचारू संचालन के लिए गठित जिला गोपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक आज कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पशुओं के चारे एवं भूसे की व्यवस्थाओं तथा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आय अर्जित करने संबंधित गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में शिव गौशाला ग्राम पंचायत लूनेरा रतलाम का म.प्र. गौसंवर्धन बोर्ड भोपाल में पंजीयन, कामधेनु नन्दनी गौधाम ग्राम पंचायत रियावन पिपलौदा शासकीय गौशाला



का पंजीयन, रतलाम जिले में स्वावलंबी गौशाला कामधेनु निवास की स्थापना नीति 2025 हेतु 5000 निराश्रित गौवंशों हेतु 125 एकड भूमि के चिन्हांकन हेतु भूमि चयन करने संबंधित निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री बाथम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर समन्वित कार्यवाही करें। जिले में एनएलएम योजान्तर्गत जिले की तीन गौशालाओं गोपाल गौशाला न्यास रतलाम, सागोद गौशाला (नगर निगम) एवं मनरेगा योजनान्तर्गत एक गौशाला में साइलेज निर्माण हेतु शासन स्तर पर आवेदन करें। ग्राम पंचायत स्तर पर मृत गौवंशों की सम्मानपूर्वक अंत्येष्टि करने हेतु जिला पंचायत (मनरेगा) से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करें। कृषि विभाग तहसील स्तर पर गौशाला संचालकों को आय अर्जित करने के लिए जैव उर्वरक, बायो गैस एवं अन्य जैव उत्पादों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम हिमांशु भट्ट, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डा. नवीन शुक्ला, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं अभिषेक पंवार, उपसंचालक कृषि निर्भयसिंह नर्गेश, सचिव कृषि उपज मण्डी मानसिंह मुनिया, ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि जुझारसिंह जोधा, उपाध्यक्ष समिति राधेश्याम रावल, अशासकीय सदस्य नागुसिंह चौहान तथा प्रदीप कोठारी आदि उपस्थित थे।

# बाजना पुलिस ध्दारा अवैध शराब के विरुध्द बडी कार्यवाही

## 82 पेटी शराब, पिकअप एवं बोलोरो वाहन सहित 15 लाख से अधिक का मशरुका जप्त

**बाजना(रतलाम )।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.) के द्वारा अवैध शराब के विरुध्द चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा व एसडीओपी अनुभाग सैलाना श्रीमति नीलम बघेल के मार्गदर्शन मे एवं थाना प्रभारी बाजना निरीक्षक रणजीत सिंगार के नेतृत्व मे पुलिस टीम बाजना द्वारा मुखबिर सुचना पर कार्यवाही करते हुए सादडिया माल के जंगल से दो चार पहिया वाहन 1. पीक वाहन क्रमांक स्क्क45-त्न-2103 से 68 पेटी शराब 2. बोलेरो वाहन क्रमांक MP-07-CB- 5164 से 14 पेटी शराब



कुल 82 पेटी अवैध शराब जप्त की गई । अपराध क्रमांक 234/2025 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया ।

पीक वाहन मे 46 पेटी पावर केन , 22 पेटी देशी प्लेन शराब किमती 2,53,600 रुपये वाहन किमती 6,00,000 रुपये । बोलेरो वाहन मे 9 पेटी पावर केन , 5 पेटी देशी प्लेन शराब कुल किमती 52,400 वाहन किमती 6,00,000 रुपये । कुल मश्रुका किमती 15,60,000 रुपये ।

### पुलिस को देखते ही

1.अरविन्द डामर निवासी ठिकरिया थाना बाजना

2.भरत निनामा पिता रुपा निनामा निवासी रतनगढपीठ नला थाना बाजना मौके से भागने में सफल हो गए।

इस दौरान निरी रणजीत सिंगार , उनि राकेश मेहरा , उनि के.एल.रजक , सउनि काशीराम अलावे , आर. 954 प्रेम निनामा , आर 1161 शंकर राव शिन्दे , आर.1136 किशन मचार , आर 1165 दरबार जमरा , सैनिक 88 रायचन्द , सैनिक 1172 कैलाश , सैनिक 343 शंकर कटारा उपस्थित थे।



## मध्य प्रदेश के कलारीपयट्टू खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया में पदकिय की सफलता प्राप्त की

इंदौर। बिहार के गया में 4 से 14 मई से आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में कलारीपयट्टू खेल के दौरान मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश इंदौर जिले की समृद्धि पटेल और प्रियांशी जामलिया ने तलवार और ढाल इवेंट में कांस्य पदक जीता।इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें बालिका वर्ग में अर्पिता बिस्वास, वैभवी कुड़ीवाल, केनिश श्री जैन, रुद्राक्षी गिद्ध, किमाया सहस्त्रबुद्धे शामिल थीं। बालक वर्ग में चिराग सिंगार, अनंत शर्मा, अल्तमश खान, अषहद खान, मानद बरगल, हार्दिक मोदी और सोमेश धनोतिया ने अपनी प्रतिभा दिखाई। टीम के साथ पुरुष कोच विशाल सिंह सोलंकी और महिला कोच प्रियांशी जायसवाल थे। इस ऐतिहासिक जीत पर मालवा कलारीपयट्टू संघ मध्यप्रदेश के महासचिव गजेंद्र सिंह राठौर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और और मध्यप्रदेश खेल मंत्री विश्वाश सारंग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक विकास खराड़कर, संयुक्त संचालक प्रदीप अस्तैया का आभार व्यक्त किया मध्य प्रदेश सरकार और विभाग की और से खिलाड़ियों को इतनी सुव्यवस्तिथ व्यवस्था खिलाड़ियों को दी जिससे मध्यप्रदेश टीम अपना बेहतरीन प्रदर्शन दे पाई यह जीत मध्य प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है और आगे भी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी इस सफलता पर आयुषी बंसल, अश्विनी पाल, साक्षी सोनी, अभिषेक वर्मा, जयश्री पवार, अभिषेक शर्मा, अन्नपूर्णा सिकरवार, विनोद कुशवाह अनुज यादव, पंकज दुबे, विशाल कुमार सिंह, ने बधाईया दी।

## 19वी आई.टी.सी. प्रीमियर लीग षिवांगी सरिया रात्रीकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेन्ट



इंदौर षिवांगी सरिया द्वारा प्रायोजित 19वी आई.टी.सी. प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेन्ट का खिताब आई.टी.सी. ए.ई.आर ने जीता। इंदौर टेनिस क्लब में यह रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेन्ट 26 अप्रेल से 04 मई, 2025 तक आयोजित किया गया। जिसमें 12 टीमों ने भाग लिया जो कि लीग कम नाक आउट पद्धति पर खेला गया। 04 मई, 2025 को होनेवाला स्पर्धा का फाइनल अतिवर्षा के कारण स्थगित करना पड़ा एवं यह मैच आई.टी.सी. साहिल मेट्रोपोलियन एवं आई.टी.सी. ए.ई.आर के मध्य दिनांक 10 मई को खेला गया जिसमें आई.टी.सी. साहिल मेट्रोपोलियन, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5.5 ओवरों में 47 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसके जवाब में आई.टी.सी. ए.ई.आर ने 7 ओवरों 2 विकेट खोकर 49 रन बना लिए। इस प्रकार आई.टी.सी. ए.ई.आर ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। स्पर्धा का गरिमामय समापन समारोह श्री नमन बेनुगोपाल, षिवांगी सरिया की ओर से, श्री अनिल धूपर, महासच्विव, अखिल भारतीय टेनिस संघ एवं श्री अनिल महाजन, अध्यक्ष म.प्र.टेनिस संघ, के मुख्य आतिथ्य में किया गया। समारोह का संचालन श्री सतीष रावत, द्वारा किया गया। फाइनल्स में मैन ऑफ द मैच देवांष मेहता एवं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब विक्रांत चिमनानी ने हासिल किया।

## प्रसन्न योग के खिलाड़ियों को स्वर्णिम सफलता



इंदौर , लालबाग मैदान में आयोजित सांसद खेल योग प्रतियोगिता मैं प्रसन्न योग टीम के आदित्यराज सोनी ,कुशाग्र सिंह चौहान , कीर्तन गहलोत ,विशाल परमार अतुलित मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है । इस सफलता पर डायरेक्टर ईश्वर सिंह चौहान, मीनाक्षी गुप्ता, गिरिराज सिंह, रोहित बाजपेई, मानसी बागोरा, रुद्राक्ष शर्मा आदि ने बधाई दी।

## ओपन ईनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा प्रारम्भ



इंदौर! ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा अयोजित संजय कासलीवाल मेमोरियल ओपन ईनामी ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा का विधिवत उद्धाटन सीनियर इंजीनियर शतरंज खेल प्रेमी श्री मनोहर देव व अरनव जैन द्वारा शतरंज की चाल चलकर किया गया! इस अवसर पर कथा सिंह मैडम ,डॉक्टर अनुपमा जैन ,विकास जैन व पीयूश जमींदार भी उपस्थित है कार्यक्रम का संचालन अनिल फतेहचंदानी व आभार प्रदर्शन शैलेंद्र पाबले ने किया! स्पर्धा महावीर बाल संस्कार केन्द्र द्वारा संचालित संजय अजीत कासलीवाल मेमोरियल चेस एकेडमी 52 कंचन बाग पर दो वर्गो अंडर 11 व ओपन कैटेगिरी मै खेली जा रही हैं!



(फोटो-ईएमएस) रोम में इटालियन ओपन टेनिस में जैसमीन पालोनी क्वार्टर फाइनल मैच जीतने पर उत्साहित होती हुईं।

# आईपीएल के बचे मैचों में विराट को कप्तान बनाना चाहती है आरसीबी

**नई दिल्ली (ई)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार के चोटिल होने के कारण आईपीएल सत्र के बचे हुए मैचों में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली कप्तानी एक बार फिर कप्तानी संभाल सकते हैं। पाटीदार को पिछले मैच में चोट लग गयी थी जिसे ठीक होने में अभी समय लगेगा।**



ऐसे में आरसीबी प्रबंधन एक ऐसे खिलाड़ी को कप्तान बनाना चाहती है जिसे अनुभव हो और इसमें विराट से बेहतर कोई नहीं है। विराट ने लंबे समय तक टीम की कप्तानी की है। 17 मई से फिर शुरु हो रहे सत्र में विदेशी खिलाड़ी भी नहीं रहेंगे। ऐसे में आरसीबी प्रबंधन चाहता है कि ऐसे व्यक्ति कप्तान बने जिससे टीम के प्रदर्शन में कोई फर्क ना पड़े। आईपीएल के इस सत्र में अब तक आरसीबी का प्रदर्शन अच्छा रहा है और वह प्लेऑफ की दौड़ में शामिल है। टीम अपने पहले खिताब की ओर बढ़ रही है। इसी कारण टीम प्रबंधन के लोग चाहते हैं कि विराट कप्तानी के लिए मान जाएं हालांकि इसकी संभावना कम ही है। विराट ने एक दिन पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी जबकि उन्हें टीम की कप्तानी संभालने कहा गया था। आरसीबी ने आईपीएल में अब तक अच्छा प्रदर्शन करते हुए 11 मैचों में आठ जीत के साथ ही 16 अंक अंक तालिका किये हैं और वह अंक तालिका में दूसरे नंबर पर है। आरसीबी के पास कप्तानी के लिए अन्य विकल्प के तौर पर कुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार और जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं। टीम के लिए अब लीग के बचे हुए मुकाबले आसान नहीं होंगे क्योंकि बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गये हैं। इसके अलावा, जोश हेज़लवुड, फिल साल्ट और लियाम लिविंगस्टोन जैसे विदेशी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण अगले मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसके बाद भी आरसीबी प्लेऑफ़ के लिए एक मजबूत दावेदार बनी रहेगी।

## डॉ मेघा साहू भारतीय जिम्नास्टिक टीम की मैनेजर नियुक्त



इन्दौर (ईएमएस) डॉ. मेघा साहू को सिंगापुर में आयोजित होने वाली 16वीं सीनियर और 21वीं जूनियर रिदमिक जिम्नास्टिक एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय जिम्नास्टिक टीम की मैनेजर जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया ने नियुक्त किया है। म.प्र. जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष अभय राहुल के अनुसार डॉ. मेघा साहू मूल रूप से इंदौर की निवासी हैं और उन्होंने इंदौर में ही अभ्यास किया है। उन्होंने विभिन्न राष्टीय स्तर की जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश जिम्नास्टिक टीम का प्रतिनिधित्व किया है और कई पदक जीते हैं।

# इंदौर कॉरपोरेशन को मिली बड़ी सफलता



इंदौर। रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में इंदौर कॉरपोरेशन ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए भारी सफलता अर्जित की। पुरुष वर्ग के सबजूनियर वर्ग में 47 पॉइंट के साथ टीम चैंपियनशिप में पहले स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में 57 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही। साथ ही सीनियर पुरुष वर्ग में भी 57 पॉइंट के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ जूनियर महिला वर्ग में भी इंदौर कॉरपोरेशन ने 53 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर रही व सीनियर महिला वर्ग में 12 पॉइंट के साथ सेकंड रनर अप रही। इंदौर कारपोरेशन के अमन भगत सीनियर वर्ग में बेस्ट लिफ्टर बने। वहीं सबजूनियर वर्ग में अंशु कुमार दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इशिका लश्करी जूनियर वर्ग में बेस्ट लिफ्टर में तीसरे स्थान पर रही।प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा - पुरुष वर्ग सब जूनियर वर्ग में 53 किलो वर्ग में चित्रांश पांडे प्रथम, 59 किलो मयंक सोनटकी तृतीय, 74 किलो वर्ग में मोक्ष मोहता तृतीय, 105 किलो वर्ग में अंशु कुमार प्रथम, 120 किलो वर्ग में आदित्य वर्मा द्वितीय रहे। जूनियर वर्ग में 53 किलो वर्ग में हर्ष देशपांडे प्रथम, 59 किलो वर्ग में मोहम्मद अर्श खान द्वितीय, 66 किलो वर्ग में विशाल पाल प्रथम, अमित मुजाल्दे द्वितीय, 74 किलो वर्ग में मोहम्मद नासिर हुसैन प्रथम, 83 किलो वर्ग में समय कुमार जैन तृतीय, 120 किलो वर्ग में चित्रांश भारद्वाज द्वितीय 120 + किलो वर्ग में यश रावत प्रथम रहे। सीनियर वर्ग में 59 किलो वर्ग विशेष सोनी प्रथम, 66 किलो वर्ग में अरिहंत जैन द्वितीय, 74 किलो वर्ग में अमन भगत प्रथम, 105 किलो वर्ग में स्नेहराज सिंह पवार प्रथम, 120 + वर्ग में परितेशपाल प्रथम ,अपूर्व दुबे तृतीय रहे।



## समर कैंप का आयोजन

इंदौर। मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल में 1 मई से 24 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में 4 से 16 वर्ष की आयु के 200 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। मेडिकैप्स की विशेषता-मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल खेलों में अपनी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। यह स्कूल का चौथा समर कैंप है, जिसमें विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियाँ- 1. तैराकी , 2. बास्केटबॉल, 3. फुटबॉल, 4. क्रिकेट, संगीत, 6. लॉन टेनिस, 7. आर्ट एंड क्राफ्ट,. 8. वेस्टर्न डांस, 9. बैडमिंटन, 10. टेबल टेनिस, 11. स्केटिंग, 12. कराते, ,उद्देश्य- बच्चों को विविध गतिविधियों में भाग लेने और नए कौशल सीखने का अवसर प्रदान करना।

# विराट के प्रशंसक सफेद जर्सी में नजर आयेंगे

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम को देखते हुए आईपीएल मुकाबले एक बार फिर 17 मई से शुरु हो रहे हैं। इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने पहले मुकाबले में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से खेलेगी। इस मैच में सबसे अहम बात ये होगी कि विराट कोहली के प्रशंसक आरसीबी की जर्सी की जगह पर टेस्ट वाली सफेद जर्सी में नजर आयेंगे। इसका कारण हाल ही में टेस्ट से संन्यास लेने वाले विराट के प्रति विशेष सम्मान व्यक्त करना है। प्रशंसक अपने पसंदीदा क्रिकेटर के लिए कुछ यादगार पल बनाना चाहते हैं। प्रशंसकों ने इसको लेकर एक अभियान भी शुरु कर दिया है। इसकी सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चाएं हैं।

इस अभियान के तहत कोहली के सभी प्रशंसकों ने मैच के दौरान आरसीबी की लाल और काली जर्सी के बजाय सफेद जर्सी पहनने की अपील की है। इसका उद्देश्य विराट के प्रति सम्मान जताना है। इसमें कहा गया कि कोहली ने हममें से बहुत से लोगों को टेस्ट क्रिकेट से प्यार करवाया है। मैं भले ही उन्हें सफेद जर्सी में खेलते हुए कभी नहीं देख पाऊंगा पर मैं बस यह बताना चाहता हूं कि उनके पसंदीदा प्रारुप में उन्हें कितना प्यार किया जाता था।

-दूसरी राज्य रैंकिंग टेनिस स्पर्धा

# ध्रुव, कनिष्क और लवराज सेमीफाइनल में





इंदौर = ध्रुव सोनी, कनिष्क खतूरिया और लवराज पाहवा ने अपने-अपने मैच जीतते हुए दूसरी राज्य रैंकिंग टेनिस स्पर्धा में बालक अंडर-18 आयु वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित स्पर्धा में प्रदेशभर के खिलाड़ी विभिन्न आयु समूहों में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। स्पर्धा संयोजक और भारतीय जूनियर टीम के कोच इंद्रकुमार महाजन ने बताया कि बुधवार को बालक अंडर-18 आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ध्रुव सोनी ने तृषा धवन को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराया। वहीं कनिष्क खतूरिया ने मयंक राजन को 6-3, 6-0 से हराकर अंतिम चार में जगह पक्की की। लवराज पाहवा ने आरुष जैन को 6-3, 6-2 से जबकि अमान खान ने आर्यन को 6-4, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। महिला एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में इंदौर की सारा यादव ने निवेदिता शर्मा को बेहद आसानी से 6-0, 6-1 से पराजित किया जबकि ऋषिना त्रिपाठी ने सिया को इसी अंतर से हराया। अन्या चौबे ने तनीषा चौहान को 6-1, 6-0 से हराते हुए अपनी चुनौती आगे बढ़ाई। वहीं श्रव्या ने प्रिक्षा को कड़े संघर्ष के बाद 1-6, 6-4,10-8 से शिकस्त दी। बालक एकल अंडर-12 आयु के प्रि क्वार्टर फाइनल में अयांश ने विवान को 6-0, 6-0 से बेहद आसानी से पराजित किया। विवान अग्रवाल ने ओजस को बिना कोई अंक गंवाए 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। बालिका एकल अंडर-14 आयु वर्ग में वाशिन्ति शिंदे ने मनुस्मृति को 6-2, 1-6, 10-3 से पराजित किया। अहाना फुलजेले ने कनिष्का शर्मा को 6-0, 6-0 से आसानी से हराया। काशी टुकराल ने अस्मारा हुसैन को 6-0, 6-0 से हराते हुए अगले दौर में कदम रखा।



**(फोटो-ईएमएस) चीन में महिलाओं की वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में भाग लेती हुई वियमनाम की फाम थीं होंग।**

# एक ही परिवार के चार लोगों की संदिग्ध मौत, पूरे इलाके में सनसनी

महासमुंद(ई)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। बागबाहरा थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। मृतकों में पति, पत्नी और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, मृतक बसंत पटेल (40) अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, बागबाहरा में प्यून के पद पर पदस्थ था। वह अपनी पत्नी भारती, 11 वर्षीय बेटी और 4 साल के बेटे के साथ हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहता था। सुबह जब काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला, तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम, डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने जब घर का दरवाजा तोड़ा, तो अंदर का मंजर देखकर हर किसी के रौंगटे खड़े हो गए। बसंत पटेल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जबकि उसकी पत्नी और दोनों बच्चों के शव पास के कमरे में मृत अवस्था में पड़े थे। प्राथमिक जांच में पुलिस को आशंका है कि बसंत पटेल ने पहले अपनी पत्नी और बच्चों की गला घोंटकर या किसी अन्य तरीके से हत्या की, और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# एनसीसी कैडेट्स को नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण



इंदौर। एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कैडेट्स को हवाई हमले के दौरान नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि जिला होमगार्ड द्वारा आज शिविर में आए मालवा अंचल के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स को वर्तमान में देश में निर्मित विशेष परिस्थितियों के अन्तर्गत आकस्मिक हवाई हमलों के दौरान उत्पन्न आकस्मिक आपदा से निजात पाने के लिए नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। जिला होमगार्ड के मास्टर ट्रेनर द्वारा एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से बचाव और विषम परिस्थितियों में विशेष सावधानियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान ही जिला प्रशासन द्वारा सायरन बजाने पर कौन- कौनसी सावधानियां रखना एवं घायलों को तुरन्त प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना,शारीरिक क्षति की अवस्था में, या किसी अचेत अवस्था में निकटस्थ चिकित्सालय सावधानी पूर्वक पहुंचाने की विधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कैंप कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा के बारे में बताते हुए अवगत कराया कि कैडेट्स को इस शिविर में ड्रिल,वेपन ट्रेनिंग ,मेप रीडिंग,फील्ड क्राफ्ट बेटल क्राफ्ट के साथ ही सेना भर्ती कार्यालय महू के अधिकारियों द्वारा सेना में अधिकारी तथा सैनिक बनने के बारे में आगामी दिनों में अवगत कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 540 एनसीसी कैडेट्स 20 से अधिक सेना के प्रशिक्षक एवं 10 एनसीसी अधिकारियों द्वारा अपना योगदान पूर्ण तन्मयता से प्रदान किया जा रहा है।

## आईपीएल के बचे हुए सत्र में पंजाब किंग्स को विदेशी खिलाड़ियों के बिना ही उतरना पड़ेगा

नई दिल्ली (ई)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 मई से शुरु हो रहे लीग मुकाबलों में पंजाब किंग्स को विदेशी खिलाड़ियों के बिना ही उतरना पड़ सकता है। इसका कारण है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के कारण उसके जो विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे वे अब वापस नहीं लौटना चाहते हैं। इससे पंजाब के आईपीएल खिताब जीतने की संभावनाओं को झटका लग सकता है। पंजाब की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में काफी अच्छा रहा है और वह अब तक प्लेऑफ की दौड़ में सबसे आगे रही है पर अब उसके आगे की राह कठिन होती जा रही है। पंजाब किंग्स की टीम फिलहाल अंक तालिका में 15 नंबर के साथ तीसरे नंबर पर है। उसके अभी तीन लीग मैच खेलने हैं। इनमें से एक मैच जीतने पर भी प्लेऑफ में उसकी जगह पक्की हो जाएगी पर ये इतना आसान नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार पंजाब किंग्स के चार विदेशी खिलाड़ी मार्कस स्टॉयनिस, मार्को यानसेन, जोश इंग्लिस और एरॉन हार्डी अब तक भारत नहीं लौटे हैं।

## राणे की चेतावनी के बाद पाक एक्ट्रेस फिल्म से बाहर



मुंबई। बालीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे द्वारा पाकिस्तानी कलाकारों को लेकर जताई गई आपत्ति के बाद फिल्म के निर्माताओं ने बड़ा कदम उठाया है। निर्माताओं ने अपकमिंग सीक्वल 'सनम तेरी कसम 2' से पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन को बाहर करने की आधिकारिक घोषणा की है।

निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू ने यह निर्णय हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले और इस पर पाकिस्तानी कलाकारों की चुप्पी को लेकर लिया है। निर्देशकों ने अपने बयान में स्पष्ट किया कि भारत में काम कर रहे पाकिस्तानी कलाकारों की ओर से आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ कोई प्रतिक्रिया न आना बेहद निराशाजनक है।

उन्होंने कहा कि भारत ने इन कलाकारों को न सिर्फ पहचान, बल्कि प्यार और मंच भी दिया, इसके बावजूद वे ऐसे गंभीर मुद्दों पर खामोश हैं। निर्माता-निर्देशकों ने यह भी कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा, देश सबसे पहले है और हम भारत सरकार के निर्णयों का पूरा समर्थन करते हैं।

## बई प्रिंस ने दिया भारतीयों को बड़ा गोल्डन गिफ्ट, डेढ़ लाख लोगों को मिलेगा लाभ



दुबई। दुबई के क्राउन प्रिंस, उपप्रधानमंत्री और यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने भारत वालों को एक ऐसा गोल्डनन गिफ्ट दिया है, जिसे पाने वाला हर शख्स उन्हेंस ताउम्र शुक्रिया कहेगा।

हालांकि यह गोल्डेन गिफ्ट उन्हेंर तभी नसीब होगा, जब वह क्राउन प्रिंस की ओर से रखी गई एक खास शर्त को पूरा करेंगे।

बता दें कि यूएई के हेल्थस सेक्टंर में करीब एक लाख से 1.50 लाख भारतीय प्रोफेशनल काम कर रहे हैं, जिनमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 15 हजार भारतीय डॉक्टर यूएई के हॉस्पिटल अस्पतालों और क्लीनिकों में काम कर रहे हैं। वहीं, 70 हजार से अधिक भारतीय नर्स यूएई के नर्सिंग फोर्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

दरअसल, यहां पर बात दुबई हेल्थ सर्विस में सेवाएं दे रहे नर्सिंग स्टा फ की हो रही है। क्राउन प्रिंस ने यूएइई की हेल्थि सर्विस की क्वाललिटी को बेहतर करने में अहम योगदान देने वाले नर्सिंग स्टा फ को गोल्डईन तोहफा देने का फैसला किया है।

इस फैसले के तहत, इन सभी नर्सिंग स्टामफ को गोल्डेन वीजा से नवाजा जाएगा। हालांकि इस गोल्डोन वीजा के लिए वही नर्सिंग स्टोफ काबिल माने जाएंगे, जिन्होंबने इस क्षेत्र में 15 साल से अधिक का योगदान दिया है।

## इमरान के बेटों ने कहा- पिता के साथ जेल में हो रही अमानवीयता, दुनिया दखल दे



इस्लामाबाद। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे सुलेमान खान और कासिम खान ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। ब्रिटेन में रह रहे दोनों बेटों ने कहा कि उनके पिता के साथ अदियाला जेल में अमानवीयता हो रही है। उसे रोकने के लिए दुनिया के तमाम देशों को दखल देना चाहिए।

उनका कहना है कि तमाम प्रयासों के बाद भी पाकिस्तान सरकार पर कोई असर नहीं हुआ है। ये मसला सुलझाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसलिए मजबूर होकर हमें सार्वजनिक तौर पर अपनी बात रखना पड़ रही है।

ऑनलाइन इंटरव्यू में कासिम खान ने कहा कि हर कानूनी रास्ता आज़मा लिया, अब बोलने के अलावा कुछ नहीं बचा। हमने हर कानूनी रास्ता अपनाया, हर कोशिश की, लेकिन अब हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। इसलिए हमने तय किया है कि अब सार्वजनिक रूप से सामने आकर बात करनी होगी। उन्होंने पाकिस्तान की शहबाज सरकार की आलोचना करते हुए अपने पिता की अदियाला जेल में स्थिति को अमानवीय बताया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की। इमरान के ये दोनों बेटे सुलेमान खान (28) और क़ासिम खान (26) जेमिमा गोल्डस्मिथ से हैं। ब्रिटेन में ही रहते हैं और पहली बार इमरान खान पर बात की है।



कान्स में फिल्म समारोह में मॉडल हेदी क्लूम रेड कारपेट में मनमोहक अंदाज में नजर आयीं।

## कार की सनरूफ खोलकर युवक-युवती कर रहे थे ये गंदा काम



नई दिल्ली। सरोजनी नगर के पास मुख्य सड़क पर चलती कार की खुली सनरूफ के साथ आपत्तिजनक स्थिति में एक युवक-युवती का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहां से गुजर रहे लोगों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल कर दिया।

हालांकि, वीडियो कब बनाया गया, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वीडियो में दिख रहा है कि चलती कार की सनरूफ खुली होने के साथ एक युवक और युवती आपत्तिजनक स्थिति में हैं। इस दौरान कार बिना किसी रोक-टोक के चलती रहती है। सरोजनी नगर के आसपास काफी व्यस्त सड़क है और वहां अक्सर पुलिस भी तैनात रहती है। हालांकि इस दौरान किसी ने उन्हें नहीं रोका। उस कार के पीछे एक कार में सवार युवक ने इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। पुलिस का कहना है कि उन्हें इस संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है।

# शादी के बाद लापता हुई दुल्हन

कोरबा। कोरबा जिले के ग्राम दादरखुर्द में एक नई नवेली दुल्हन के लापता होने का मामला सामने आया है। दुल्हन की सास का आरोप है कि वह घर से करीब 9 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लेकर गायब हो गई है। इस घटना के बाद परिवार में हड़कंप मचा हुआ है।



### ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप, 9 लाख के जेवर भी गायब

जानकारी के अनुसार, शादी के कुछ महीने बाद दुल्हन अपने मायके गई थी, जहां से उसने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

इस मामले को परिवार परामर्श केंद्र तक भी पहुंचाया गया, जहां सुलह के बाद वह वापस ससुराल लौट आई। परिवार परामर्श केंद्र में समझौते के बाद जब दुल्हन ससुराल लौटी तो कुछ दिनों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन अचानक वह लापता हो गई।

ससुराल वालों का कहना है कि उसके साथ करीब 9 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात भी गायब हैं। दुल्हन की सास का कहना है कि उनकी बहू ने जानबूझकर यह साजिश रची और जेवरात लेकर फरार हो गई। वहीं, ससुराल पक्ष ने इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और लापता दुल्हन की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दुल्हन के मोबाइल फोन और अन्य संपर्क सूत्रों का पता लगाया जा रहा है। परिजनों और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

इस घटना ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या दुल्हन सच में लापता है या यह कोई साजिश थी? पुलिस की जांच से ही यह साफ हो पाएगा कि सच्चाई क्या है।

## अब संन्यास के बाद सियासत की पारी खेलने की तैयारी कर रहे रोहित शर्मा?

मुंबई। टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले चुके क्रिकेटर रोहित शर्मा अब सियासी की पारी खेलने की कोशिश में दिखाई दे रहे हैं। इस तरह की अटकलों का दौर उस वक्त शुरु हो गया जब वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलने उनके सरकारी आवास 'वर्षा' पहुंचे।



इस मुलाकात के बाद अटकलों का बाजार गर्म हो गया। कयास लगाए जाने लगे हैं कि क्या रोहित शर्मा भी बीजेपी में शामिल होने वाले हैं।वैसे संन्यास लेने के बाद क्रिकेटर्स का पॉलिटिक्स जॉइन करना कोई नई बात नहीं है। पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन से लेकर विनोद कांबली और नवजोत सिंह सिद्धू तक ऐशे तमाम खिलाड़ी हैं, जिन्होंने राजनीति को अपनी दूसरी पारी बनाई है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'पर शेयर की। 'देवा' साथ में लिखते हैं, 'भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का मेरे सरकारी आवास में स्वागत। उनसे मिलकर और बातचीत करके खुशी हुई। मैंने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर शुभकामनाएं दीं और उनके करियर के अगले अध्याय के लिए भी कामना की!'

रोहित शर्मा ने 7 मई को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी, जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गईं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे भाग में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था।

## छत पर सो रहे बुजुर्ग को गोलियों से भूना, आपसी विवाद बना काल



नालंदा। बिहार के नालंदा जिले के धर्मपुर गांव में अपराधियों ने एक बुजुर्ग की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस समय हुई जब 75 वर्षीय सुरेश यादव छत पर सो रहे थे। बदमाश बांस की सीढ़ी के सहारे छत पर चढ़े और बुजुर्ग को गोलियों से छलनी कर दिया। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

मृतक सुरेश यादव को अपराधियों ने छत पर सोते समय निशाना बनाया। बदमाशों ने उनके सीने और पीठ में दो गोलियां दागीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के बेटे संतोष कुमार के अनुसार एक साल पहले बच्चों के बीच खेलने को लेकर गांव के एक परिवार से विवाद हुआ था। उसी विवाद के बाद से उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही थी। इसी रंजिश के चलते देर रात डेढ़ से दो बजे के बीच अपराधियों ने उनके पिता की हत्या कर दी।

## एक्सट्रा मैरिटल अफेयर क्रूरता या आत्महत्या के उकसाने का कारण नहीं बनता

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि किसी व्यक्ति का एक्सट्रा मैरिटल अफेयर (पारिवारिक संबंध के बाहर का रिश्ता) तब तक क्रूरता या आत्महत्या के उकसाने का कारण नहीं बनता, जब तक यह साबित नहीं हो कि वह संबंध पत्नी को परेशान या उत्पीड़ित करने के लिए था। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एक्सट्रा मैरिटल अफेयर के आधार पर पति को दहेज मृत्यु के मामले में आरोपी नहीं बनाया जा सकता, जब तक कि वह संबंध दहेज मांग से जुड़ा न हो। कोर्ट ने यह आदेश उस व्यक्ति को जमानत देते हुए दिया, जिसे मार्च 2024 में अपनी पत्नी की अस्वाभाविक मौत के बाद दहेज मृत्यु और आत्महत्या के उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने माना कि आरोपित व्यक्ति के खिलाफ दायर चार्जशीट के आधार पर उसका लगातार हिरासत में रहना अब कोई उद्देश्य नहीं पूरा करता। जस्टिस संजीव नारुला ने अपने आदेश में कहा प्रवृत्ति यह है कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने के लिए सबूत पर निर्भर है कि अभियुक्त का एक एक्सट्रा मैरिटल संबंध था। कुछ वीडियो और चैट रिकॉर्ड इस बात के समर्थन में प्रस्तुत किए गए हैं। हालांकि, यह मानते हुए कि ऐसा संबंध था, कानून यह स्पष्ट करता है कि एक एक्सट्रा मैरिटल संबंध अपने आप में 498 ए आईपीसी (क्रूरता) या 306 आईपीसी (आत्महत्या के लिए उकसाना) का कारण नहीं बनता, जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि वह संबंध इस तरीके से किया गया था कि उसने मृतका को उत्पीड़ित किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसे मामलों में उत्पीड़न या क्रूरता को दहेज मांगों या मौत के कुछ समय पहले होने वाली मानसिक क्रूरता से जोड़ना जरूरी है।



कान्स फिल्म समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला लाल कलीन में पोज देती हुई।

## दिल्ली में कौन-कौन ले रहा ओल्ड एज पेंशन एक-एक आदमी की होगी जांच

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार जल्द ही वृद्धावस्था पेंशन योजना में अपात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए एक व्यापक सर्वे शुरू करने जा रही है। हाल ही में मिली शिकायतों के बाद यह निर्णय लिया गया है। सर्वे में लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी और पात्रता की पुष्टि की जाएगी।

दिल्ली सरकार जल्द ही वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पात्रता की जांच के लिए सर्वे कराने जा रही है। सरकार को योजना के तहत अपात्र लोगों के लाभ उठाने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने बताया कि इससे पहले एक और योजना का सर्वे कराया गया था जिसमें 25 हजार से अधिकार अपात्र लाभार्थी पाए गए थे।

वहीं ये भी कहा गया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने चुनाव से पहले 80 हजार से अधिक वृद्धावस्था पेंशन को मंजूरी दी थी। समाज कल्याण विभाग द्वारा यह सर्वे घर-घर जाकर किया जाएगा, जिसमें लाभार्थियों के दस्तावेज और पात्रता की पुष्टि की जाएगी।

## इतिहास में पहली बार- बलूचिस्तान में हिंदू बेटी बनी असिस्टेंट कमिश्नर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाली कशिश चौधरी बलूचिस्तान प्रांत की पहली महिला अफसर बनी हैं, जिन्हें असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद बातचीत में उन्होंने कहा कि महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण की दिशा में काम करेंगी।



बलूचिस्तान के चगाई जिले के नोशकी शहर की रहने वाली कशिश ने बलूचिस्तान पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा पास कर यह उपलब्धि हासिल की है। यह न सिर्फ उनके व्यक्तिगत जीवन में मील का पत्थर है, बल्कि पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत है।

कशिश ने बात करते हुए बताया कि उन्होंने लगातार तीन साल तक हर दिन कम से कम आठ घंटे पढ़ाई की। उन्होंने कहा,अनुशासन, मेहनत और समाज के लिए कुछ करने की चाहत ने मुझे इस सफर में प्रेरित किया। उनके पिता गिर्धारीलाल पेशे से व्यापारी हैं। उन्होंने अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा, मेरी बेटी ने जो हासिल किया है, वह उसकी मेहनत और लगन का परिणाम है। यह मेरे लिए गर्व की बात है।

बता दें कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की महिलाएं धीरे-धीरे पुरुष वर्चस्व वाले क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। इससे पहले 2022 में मनीषा रोपेटा कराची की पहली हिंदू महिला एसपी बनीं थीं। वहीं, पुष्पा कुमारी कोहली कराची में सब-इंस्पेक्टर हैं। सुमन पवन बोधनानी 2019 में सिंध के शहादादकोट में सिविल जज बनी थीं।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com